## शहर में आज



☞ भाजपा महानगर द्वारा डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में शाम 4 :30 बजे

☞ काली माता मंदिर लाल बाग में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे




# वॉलीबाल टीम के क्वालीफाई होने की आस

**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस**

- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर महानगर के खिलाड़ियों ने साझा किए विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्वभर में 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1948 को पहली बार ओलंपिक दिवस मनाया गया था। अब तक भारतीय वॉलीबॉल टीम ने ओलंपिक में क्वालीफाई नहीं किया, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों में मायूसी है। उन्हें उम्मीद है कि 2028 में होने वाले ओलंपिक में भारतीय टीम क्वालीफाई करेगी और जीत भी दर्ज करेगी। ओलंपिक दिवस के अवसर पर महानगर के खिलाड़ियों ने विचार साझा किए।



रेसलिंग, एथलेटिक्स आदि खेल में भारतीय टीम व खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। वॉलीबॉल की टीम क्वालीफाई तक नहीं कर सकी। यह चिंताजनक है। – **अक्षय**



उम्मीद है 2028 में पेरिस होने वाले ओलंपिक में भारतीय वॉलीबॉल की टीम इतिहास रचेगी। – **कोमल**, खिलाड़ी



भारतीय वॉलीबॉल टीम को मजबूत होने की जरूरत है, जिससे ओलंपिक में जगह बनाई जा सके। इससे स्थानीय खिलाड़ियों का भी मनोबल बढ़ेगा। बड़ा पुरस्कार उत्साह बढ़ाता है। – **सचिन**, खिलाड़ी



ओलंपिक में अब तक भारतीय वॉलीबॉल टीम के क्वालीफाई न करने से इस खेल में भविष्य बनाने की चाह में अभ्यास में लगे खिलाड़ियों का भी मनोबल दबा है। – **विधि**, खिलाड़ी

### 643 गांवों के लोगों के 3 से 4 हजार प्रमाण पत्र गलत फीडिंग के कारण लंबित

# जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र ...चक्कर काट रहे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- पंचायत सहायक और सचिव की लापरवाही, खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

**अमृत विचारः** जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के 643 गांवों में रहने वाले लोगों के 3 से 4 हजार प्रमाण पत्र गलत फीडिंग के कारण लंबित है। इसके लिए लोग चक्कर काट रहे हैं।

गांव के पंचायत भवन में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए डाटा फीडिंग की व्यवस्था सरकार ने की थी। लेकिन पंचायत सहायक प्रमाण पत्र के डाटा फीड करने के नाम कभी नेटवर्क तो कभी कनेक्टिविटी न होने की बात कह कर टाल मटोल करते हैं। विकास भवन में जाने पर पंचायत भवन में ही डाटा फीड कराने के नाम टरकाया जा रहा है। जिले की 643 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा गांव के पंचायत भवन में की गई है। पंचायत सहायक और सचिव पर मृत्यु व जन्म की जानकारी फीड करने की जिम्मेदारी है। जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रमाणित कर प्रमाण पत्र गांव के पंचायत भवन में लगे सिस्टम पर ऑनलाइन भेजने के लिए अलग से कोड दिया गया था लेकिन कई महीनों से ठाकुरद्वारा बंकावाला और लालूवाला गांव में लोग प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रहे हैं। बंकावाला गांव के रईस उद्दीन ने बताया कि दो बार गांव के पंचायत भवन में बच्चे का डाटा फीड कराया, दोनों बार कभी मां तो कभी पिता का नाम गलत फीड कर दिया गया। शनिवार को विकास भवन पहुंचने पर उसे गांव में ही डाटा फीड कराने की बात कह कर वापस भेज दिया गया। ग्रामीण स्तर गलत डाटा फीड करने के कारण 3 से 4 हजार से अधिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लंबित पड़े हैं।

> कुछ गांव में नेटवर्क और कनेक्टिविटी की समस्या है। कई महीनों से ग्रामीण क्षेत्रों में डाटा गलत फीड होने की डीपीएम ने जानकारी दी थी। खंड विकास अधिकारियों को गांव में भेजकर पंचायत भवन में लगे सिस्टम की कनेक्टिविटी को सही कराने के लिए पत्र लिखा है। जिससे व्यवस्था में जल्द सुधार हो सके।
> – **वाचस्पति झा,** जिला पंचायत राज अधिकारी

# इंतजार में कट रहा यात्रियों का सफर

### मुजफ्फरपुर 32 और राजगिरी समर स्पेशल 26 घंटे की देरी से पहुंची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गर्मी और उमस के बीच प्लेटफॉर्म पर घंटों इंतजार कर रहे यात्री
- रेलवे की लचर व्यवस्था ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ाई

**अमृत विचारः** ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर मुसीबतें झेलनी पड़ रही है। सैकड़ों यात्री मुजफ्फपुर व राजगिरी समर स्पेशल ट्रेन का इंतजार करते रहे, जो अपने निर्धारित समय से नहीं पहुंची। गर्मी और उमस के बीच प्लेटफॉर्म पर घंटों इंतजार करना यात्रियों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रहा।

गर्मी की मार और रेलवे की लचर व्यवस्था ने यात्रियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों के इंतजार में पूरी रात बितानी पड़ी। रविवार को राजगिरी समर स्पेशल ट्रेन 26 घंटे, जबकि मुजफ्फरपुर समर स्पेशल ट्रेन 32 घंटे की भारी देरी से स्टेशन पहुंचीं।

स्थिति यह रही कि यात्रियों ने सफर से ज्यादा समय स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में गुजार दिया। यात्री महिला हों या बच्चे, सभी गर्मी, भूख और थकावट से बेहाल नजर आए। यात्रियों ने बताया कि ट्रेनों के इंतजार में पूरी रात स्टेशन पर ही बितानी पड़ रही है। जबकि यात्रियों को उम्मीद थी कि समर सीजन में समर स्पेशल ट्रेनों से राहत मिलेगी, लेकिन उल्टा वही परेशानी का कारण बन गई हैं।

रविवार को भी कई ट्रेनें 10 से 15 घंटे की देरी से स्टेशन पहुंचीं, जिससे लंबी दूरी के सफर पर निकले लोगों को मानसिक और शारीरिक कष्ट झेलना पड़ा। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि समर ट्रेनों की समयसारिणी पर नियंत्रण लगाया जाए।



ट्रेन गुजरने का इंतजार करते यात्री।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 05284 | मुजफ्फरपुर समर स्पेशल | 32 घंटे 41 मिनट |
| 03224 | राजगिरी समर स्पेशल | 26 घंटे 21 मिनट |
| 13258 | दानापुर जनसाधारण | 2 घंटे 40 मिनट |
| 15128 | काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 4 घंटे 32 मिनट |
| 04205 | वाराणसी समर स्पेशल | 6 घंटे 14 मिनट |
| 03312 | धनबाद समर स्पेशल | 9 घंटे 12 मिनट |
| 12524 | न्यू जलपाईगुड़ी | 5 घंटे 8 मिनट |
| 05578 | सहरसा समर स्पेशल | 15 घंटे 21 मिनट |
| 04652 | जयनगर क्लोन स्पेशल | 4 घंटे 9 मिनट |
| 04303 | योगनगरी ऋषिकेश स्पेशल | 5 घंटे 34 मिनट |
| 04011 | दिल्ली समर स्पेशल | 15 घंटे 4 मिनट |
| 04607 | अमृतसर समर स्पेशल | 10 घंटे 19 मिनट |

## महिला तस्कर गिरफ्तार 258 ग्राम चरस बरामद

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुरादाबाद से नगर में चरस बेचने आई महिला को 258 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया । शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसवाल सिंह ग्वाल को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि मुरादाबाद से एक महिला ठाकुरद्वारा नगर में नशीले पदार्थ बेचने का काम करती है जो आज ठाकुरद्वारा पहुंचने वाली है । प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित टीम ने आरोपी को ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर स्थित वेयरहाउस के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 258 ग्राम चरस बरामद हुई । महिला ने अपना नाम सविता पत्नी फहीम मुरादाबाद के थाना कठघर मोहल्ला करुला बताया। पूछताछ में बताया कि वह काफी समय से मणि मंदिर के निकट वार्ड 22 में किराए के मकान में रहती है । मुरादाबाद से चरस खरीद कर ठाकुरद्वारा में फुटकर में बेचती है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।

## भगवान ही हैं हमारे सच्चे साथी व स्नेही

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** रामगंगा विहार प्रथम के शिव शक्ति मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें व अंतिम दिन रविवार को बरेली फरीदपुर के श्रीराम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि वास्तव में भगवान ही स्नेह का निर्वाह करना जानते हैं। यूं तो संसार में अनेक स्नेही गली कूंचे में मिलते हैं लेकिन सवाल है कि उनका स्नेह कितनी देर ठहरता है। उनका स्नेह पानी की लकीर की तरह बनता बाद में है मिट पहले जाता है।



पंडित बृजेश पाठक।

कथा व्यास ने बताया कि संबंधों का जैसा निर्वाह भगवान करते हैं वैसा कोई और नहीं कर सकता। रामायण में प्रभु श्रीराम ने जटायुजी से पिता का संबंध बनाया था तो उसका निर्वाह भी किया था। जटायु जी का अंतिम संस्कार पुत्र के रूप में प्रभु राम ने किया। जबकि यह सौभाग्य दशरथ जी को प्राप्त नहीं हुआ। भगवान राम ने शबरी को माता बनाया तो उनके अंतिम समय में उपस्थित रहे। व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, उमेश चंद्र अग्रवाल, निमित जायसवाल, राधेमोहन आदि रहे।

## बच्चों को संस्कारित करने में लोक कथाओं का योगदान



लोकार्पण करते अतिथि, फाउंडेशन के पदाधिकारी व साहित्यकार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जैमिनी साहित्य फाउंडेशन के समारोह में डॉ मोहम्मद जावेद की किस्से कहानियों का लोकार्पण

**अमृत विचारः** जैमिनी साहित्य फाउंडेशन की ओर से रविवार को महाराजा हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित समारोह में युवा साहित्यकार डॉ. मोहम्मद जावेद की कृति किस्से कहानियां (लोक कथाएं) का लोकार्पण किया गया। संपादन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मनोज रस्तोगी ने किया है।

फाउंडेशन के संस्थापक स्मृतिशेष डॉ. विश्व अवतार जैमिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अध्यक्षता करते हुए सोशल एक्टिविस्ट डॉ. राकेश रफीक ने कहा कि लोक कथाओं के माध्यम से बच्चे संस्कृति और समाज से समरसता कायम कर लेते थे।

मुख्य अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि लोक कथाएं हमें संस्कारित करती हैं। संरक्षिका आशा जैमिनी ने कहा लोक कथाओं से अनुचित कार्यों से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। अध्यक्ष डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने कहा लोक कथाएं हमें मनोरंजन के साथ जीने की कला सिखाती हैं। डॉ. मनोज रस्तोगी ने बताया कि लालपुर गंगवारी गांव में जन्में डॉ. मुहम्मद जावेद की यह कृति जैमिनी साहित्य फाउंडेशन द्वारा युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच लखनऊ के सहयोग से प्रकाशित हुई है। इसमें पचास शिक्षाप्रद लोककथाएं है।

जेएलएम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद इरफान ने कहा कि बच्चों को संस्कारित करने में लोक कथाओं का सर्वाधिक योगदान है।




## जन आरोग्य मेले में 2942 का उपचार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जिले के 59 पीएचसी और स्वास्थ्य उपकेंद्र पर रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें डायरिया, सर्दी, खांसी, त्वचा संबंधी और बुखार से पीड़ित ज्यादातर मरीज पहुंचे। 2942 मरीजों ने उपचार कराया। वहीं, लक्षण दिखने पर पांच लोगों की कोविड और दो मरीजों की हेपेटाइटिस की जांच की गई।

आरोग्य मेले में 1291 पुरुष, 1370 महिला और 281 बाल मरीजों का उपचार किया गया। 21 लोगों की आभा आई डी बनाई गई। 31 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। बुखार के 50, पेट संबंधी 277, डायबिटीज के 139, त्वचा संबंधी 365 मरीजों को देखा गया। टीबी के 17 मरीज संदिग्ध पाए गए। हाइपरटेंशन के 64 और अन्य बिमारियों के 1003 रोगियों ने उपचार कराया। इस दौरान सभी पीएचसी और यूपीएचसी पर 63 चिकित्साधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारी और 291 पैरा मेडिकल स्टाफ तैनात रहा।

# फार्मासिस्ट छुट्टी पर, डॉक्टर ही दे रहे दवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्राथमिक नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर तीन स्टाफ नर्सों में दो आकस्मिक अवकाश पर
- रविवार को अमृत विचार की टीम ने मौके पर जाकर देखीं व्यवस्थाएं, कई कमियां मिलीं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में खरा नहीं उतर रहा है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झांझनपुर में डॉक्टर और फार्मासिस्ट के साथ ही लैब टेक्निशियन समेत स्टाफ नर्स की तैनाती है। इसके बाद भी यहां मरीजों का दर्द आसानी से दूर नहीं हो रहा। रविवार को अमृत विचार की टीम ने मौके पर जाकर यहां व्यवस्थाएं देखीं तो कई कमियां मिलीं।

फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स की अनुपस्थिति में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रिचा लोचब व टेक्निशियन फुरकान के कंधे पर ही सारी जिम्मेदारी थी। जिससे मरीजों को परेशानी हो रही थी। केंद्र पर फार्मासिस्ट प्रियंका सिंह की तैनाती है। रविवार को वह छुट्टी पर थीं। स्टाफ नर्स के रूप में चंद्र प्रभा, बीनू गुप्ता और प्रीति तैनात हैं। जिसमें सिर्फ चंद्र प्रभा ही मौके पर उपस्थित थीं और बीनू अनुपस्थित। मरीज ने बताया कि सुबह साढ़े ग्यारह बजे डॉक्टर को दिखाया और दवा एक घंटे बाद मिली। क्योंकि, चिकित्सक पहले मरीज देखती हैं और फिर फार्मासिस्ट के न होने पर दवा देती हैं और अक्सर ड्रेसिंग तक करनी पड़ती है।

अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार ने बताया कि नवाबपुरा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्टॉफ नर्स के चिकित्सीय अवकाश पर जाने के चलते झांझनपुर की एक स्टॉफ नर्स को वहां तात्कालिक तौर पर संबद्ध किया गया है। एक दो दिन में वह अपने मूल तैनाती स्थल पर लौट आएगी। बताया कि कई केंद्रों पर फार्मासिस्ट व चिकित्सकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है। एक दो दिन में 44 चिकित्सकों के पद के साक्षात्कार का परिणाम घोषित होना है। इसमें नियुक्त चिकित्सकों को रिक्त पदों पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात किया जाएगा।



झजनपुर हरथला में मरीज देखतीं डॉक्टर।

### बिना आदेश दूसरे केंद्र में लगा दी ड्यूटी

प्रीति पिछले एक सप्ताह से नवाबपुरा स्वास्थ्य केंद्र पर अटैच हैं। उन्हें अटैच करने के संबंध में विभाग की ओर से कोई पत्र जारी नहीं हुआ। मौखिक रूप से ही उनकी दूसरे केंद्र पर ड्यूटी लगा दी है। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जयंती पर विशेष** संगीताचार्य व्यास ने निस्वार्थ भाव से संगीत की शिक्षा देकर तैयार किए सैकड़ों साधक

# जिले में शास्त्रीय संगीत के पुरोधा थे ब्रजगोपाल व्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हारमोनियम पर कंठ से फूटे स्वरों पर मुग्ध हो जाते थे श्रोता



ब्रजगोपाल व्यास।

**अमृत विचारः** मुरादाबाद की शास्त्रीय संगीत की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने वाले पंडित ब्रजगोपाल व्यास ऐसे व्यक्तित्व थे जिनकी अनुपस्थिति से संगीत का आयोजन अधूरा माना जाता था। हारमोनियम पर जब उनके कंठ से स्वर फूटता था ....गोपाल अरज सुनो हमारी तो श्रोता मंत्र मुग्ध हो जाते थे।

साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक व ख्याति प्राप्त साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी बताते हैं कि मोहल्ला जीलाल के प्रतिष्ठित व्यास परिवार में पंडित पुरुषोत्तम व्यास और गंगादेवी के सुपुत्र के रूप में 23 जून 1933 को जन्मे ब्रजगोपाल व्यास के पितामह पंडित जयकृष्ण दास (कुड़ियामल) विख्यात संगीतज्ञ थे। एसएसके इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत उनकी नियुक्ति हिंदू इंटर कॉलेज में पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में हो गई। वर्ष 1960 में उनका विवाह मिलक निवासी वैद्य बनारसी दास शर्मा की बेटी विमला शर्मा से हुआ। तीन सुपुत्र राजीव, संदीप व नितिन और एक पुत्री अंजना हैं। उनका देहांत 25 अप्रैल 2024 को हुआ।

**संगीत को व्यवसाय नहीं बनाया :** दिल्ली में आदर्श कला संगम द्वारा होने वाली श्री रामलीला में उन्होंने कई वर्षों तक संगीत दिया। 1982 से 2023 तक मुंबई में राजेश रस्तोगी द्वारा राम मानस मंच द्वारा रामलीला मंचन में संगीत दिया। उन्होंने अपने जीवन में संगीत को कभी व्यवसाय नहीं बनाया और निस्वार्थ भाव से संगीत की शिक्षा प्रदान कर सैकड़ों की संख्या में संगीत साधक तैयार किए।

### विरासत में मिले संगीत के संस्कार

संगीत के संस्कार उन्हें विरासत में प्राप्त हुए। पिता पंडित पुरुषोत्तम व्यास न केवल प्रख्यात संगीतज्ञ थे बल्कि भक्ति धारा के कुशल कवि और उपदेशक होने के साथ साथ चार रियासतों शेखुपुरा स्टेट (लाहौर), आवागढ़ (मध्यप्रदेश), सिंहाई और मैहर के राजगुरु और संगीत गुरु भी थे। ताऊ पंडित बुलाकी व्यास भी प्रख्यात संगीतज्ञ रहे। बड़े भाई पंडित मदन मोहन व्यास और पंडित ब्रह्मशंकर व्यास भी प्रख्यात संगीतज्ञ और साहित्यकार थे। बाल्यकाल से ही बारीकियां उनसे सीखीं।

### राग रागनियों पर हासिल थी महारथ

वह हारमोनियम, सितार, वीणा, तबला आदि वाद्य यंत्रों पर वादन के साथ साथ गायन में भी पारंगत हो गए। विभिन्न राग रागनियों पर तो उन्हें महारथ हासिल थी। मुरादाबाद में कोई संगीत कार्यक्रम हो तो उनकी उपस्थिति अनिवार्य सी हो गई थी। विभिन्न संस्थाओं और स्कूल-कॉलेजों में होने वाली संगीत प्रतियोगिताओं में वह प्रधान निर्णायक होते थे। उनकी प्रतिभा को देखते हुए आकाशवाणी के रामपुर केंद्र ने उन्हें 2013 में स्थानीय स्वर परीक्षण समिति का सदस्य मनोनीत किया।

### कई बार मिला सम्मान

अनेक संस्थाओं द्वारा समय-समय उनका नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान किया जाता रहा। वर्ष 2002 में खत्री सभा की ओर से आयोजित समारोह में फिल्म अभिनेता और तत्कालीन सांसद विनोद खन्ना ने उन्हें सम्मानित किया था। संस्कार भारती, नेशनल एक्सप्रेस, आदर्श कला संगम,आरोही समेत विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया।

## आज का मौसम

बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:16

## एक नजर

### स्टांप विक्रेता के बैग से एक लाख की नकदी चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला क्षेत्र के शाहपुर तिगरी निवासी कंचन सिंह कचहरी स्थित चेंबर नंबर-327 में स्टांप विक्रेता है। पीड़ित के अनुसार वह 20,000 रुपये घर से लाया था और उसी दिन लगभग 80,000 रुपये के स्टांप बेचे। कुल एक लाख रुपये की नगदी को उसने बैग में डाल चेंबर में रख दिया था। शाम 4:40 बजे वह शौचालय गया। लौटकर आया तो देखा कि बैग की चेन खुली हुई थी और नगदी गायब थी। उसने पुलिस को सूचना दी। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### नकब लगा उड़ाया माल

**छजलैट, अमृत विचार:** छजलैट के ग्राम मिलक चंगेरी निवासी जयविंदर सिंह पुत्र परविंदर सिंह के मकान की दीवार में नकब लगाकर अज्ञात चोरों ने 19 जून को 20 हजार रुपये की नगदी, तीन सोने की अंगूठी, चांदी की दो चूड़ी, मंगलसूत्र पायल आदि अन्य सामान चुरा लिया था और फरार हो गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित ने बताया कि वह घर लौटने पर उन्हें जानकारी हुई तब वह थाने पहुंचे

### हादसे में युवक घायल

**छजलैट, अमृत विचार:** थाना छजलैट में रविवार को संदलीपुर मानपुर में सड़क पार करते समय प्रियांशु पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम सनदुलीपुर मानपुर डंपर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। घायल को ग्राम वासियों ने अस्पताल में भर्ती करा परिजनों को सूचना दे दी।

### बारिश से मिली राहत

**कांठ, अमृत विचार:** रविवार सुबह तेज बारिश से गर्मी से राहत मिली। जगह-जगह नाले उफ़ना गए। नालों से निकला पानी सड़कों पर बहता हुआ दिखाई दिया। नगर में रामलीला मार्ग, फकीरगंज, संत रविदास धर्मशाला मार्ग,पट्टीवाला आदि स्थानों पर सड़के नदियों जैसी दिखाई थी। बच्चों ने बारिश का जमकर लुफ्त उठाया। किसानों का कहना है कि यह बारिश गन्ने की फसल के लिए तो लाभदायक है, लेकिन अभी मूसलाधार बारिश की आवश्यकता है। बारिश के बाद छाए बादलों से तापमान में भी गिरावट आई है।



रविवार दोपहर बारिश में छाता लगाकर जाती बच्चियां। ● अमृत विचार



बरसात से बचने को पन्नी ओढ़कर जाता बाइक सवार।

# आधे घंटे की बारिश ने किया शीतल

## कई दिन से गर्मी और भीषण उमस से बेचैन थे लोग, लोगों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इंतजार के बाद आखिरकार रविवार को बदरा बरस गए। आधे घंटे की बारिश में लोगों ने भीगकर गर्मी से फौरी राहत पाई। मानसून सक्रिय होने के बाद अगले चार दिन तक हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

ज्येष्ठ माह के बाद आषाढ़ में भी गर्मी झेल रहे लोग त्राहि कर रहे थे। कई दिनों से बादलों की आवाजाही के बाद भी बारिश न होने से लोग बेहाल थे। रविवार की सुबह बादलों की लुकाछिपी के बीच भीषण उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया था। कूलर पंखा बेमतलब साबित हो रहे थे। तभी 12 बजे के करीब अचानक बादल गरजने तड़कने के साथ तेज बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए कई लोग दुकानों व घरों के बरामदे में रुक गए लेकिन बहुत से लोगों ने मानसून की पहली बारिश में तन मन भिगोकर आनंद लिया। कई बच्चे पानी में छपाक करते हुए जाते दिखे। दोपहिया वाहन चालक भी बारिश में भीगकर आते जाते रहे। आधे घंटे तेज बारिश के बाद मौसम फिर सामान्य हो गया।



बारिश में कुछ इस तरह भैंस गाड़ी पर जाता व्यक्ति। ● अमृत विचार

### चार-पांच दिन हल्की से मध्यम बारिश के आसार

बारिश के बाद भी अधिकतम तापमान में बहुत कमी नहीं आई। अधिकतम तापमान 34.5 और न्यूनतम 26.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 15-20 मिलीमीटर बारिश हुई। 2.3 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर पूर्व से हवा चली। गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि मानसून पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सक्रिय हो गया है। अगले चार-पांच दिन हल्की से मध्यम बारिश होगी। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मानसून की बारिश से किसानों को भी राहत मिलेगी।

# नालियों में कूड़ा, सड़कों व घरों के आगे पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सदर ब्लॉक के दर्जनों गांव में गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का बढ़ा खतरा

**अमृत विचार:** मुरादाबाद सदर ब्लॉक के गांव कबीर नगर, गोट, देवापुर में गंदगी से लोग परेशान हैं। संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान और स्वच्छ भारत मिशन का खुलेआम माखौल उड़ रहा है। पंचायत राज विभाग की लापरवाही से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है। प्रधान और सचिव से कहने बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ।

रविवार को दोपहर हुई बारिश से कबीर नगर गांव की सड़कों पर गंदगी दिखी। कूड़े से अटी नालियां उफनाने से गंदगी सड़कों पर आ गई। जलनिकासी न होने से नाली का पानी घरों के बाहर भर गया। गोट गांव के लोगों को कहना है कि गंदगी और गंदे पानी के बीच गुजरने से पैरों में खुजली और अन्य संक्रामक बीमारियां पनप रही हैं। नालियों की सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। पाकबड़ा क्षेत्र के गांव उत्तमपुर बहलोल में गांव की गलियों में जगह जगह कूड़ा पसरा है। गांव में सफाई कर्मी की शक्ल महीनों से नहीं देखी। चुनाव जीतने के बाद प्रधान भी नहीं सुनते। शिकायत की भी सुनवाई नहीं होती है। महिलाओं का कहना है कि जलनिकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई है। बच्चे गंदे पानी में गिरकर बीमार हो रहे हैं। यही हाल गांव गोट और भैसियां का भी है।



कबीर नगर में सड़क में भरा नालियों का पानी और कीचड़।

> कुछ गांव में सफाई कर्मचारी के गैर हाजिर होने की शिकायत मिली है। कबीर नगर और गोट गांव में पिछले महीने गंदगी की शिकायत पर अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर सफाई कराई गई थी। गांव में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन भी किया जा रहा है। कुछ गांवों में यह व्यवस्था अभी चालू नहीं हुई है। जल्द ही सफाई व्यवस्था कराई ठीक जाएगी।
> – **वाचस्पति झा**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### नाला उफनाया, गंदे पानी से गुजरे राहगीर

हालांकि इतनी ही देर की बारिश में नाला उफना जाने के कारण गंदगी सड़क पर आ गई। कचरा के बीच पैदल भी लोग गुजरे। आशियाना फेज एक में नाले का कचरा सड़क पर पानी के बीच बह रहा था। जिसके चलते कई लोग बारिश बंद होने के इंतजार में दुकानों पर रुक गए। रामगंगा विहार के अलावा कांठ रोड पर भी कई जगह सड़क के गड्ढों में पानी भर गया। इससे कई वाहन चालक असंतुलित होकर किसी तरह आगे बढ़े।



बारिश के बाद जल भराव के बीच में गुजरते लोग। ● अमृत विचार

# तैयार रहें! बारिश में जल भराव वाले इलाकों में बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आदेश के चलते बिजली संकट से जूझेंगे लोग
- ट्रांसफार्मर फुंकने पर अधिशासी अभियंता पर लगेगा जुर्माना

**अमृत विचार:** अब बारिश में महानगर में बिजली कटौती का संकट बना रहेगा। विभाग के अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर फुंकने पर अधिशासी अभियंता पर जुर्माना लगाने का फरमान जारी कर दिया है। जिसके अब बिजली विभाग के वितरण खंड जरा भी खतरा मोल लेने की हालत में नहीं है। जिसका खामियाजा महानगर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा रहा तो आने वाले समय बारिश के चलते महानगर में बिजली आपूर्ति की किल्लत बढ़ेगी।

रविवार की दोपहर 12 बजे के आसपास बूंदाबांदी शुरू हुई जिसके बाद आधा घंटा बारिश होती रही है।सबसे पहले टाउन हॉल और बुध बाजार की बिजली आपूर्ति बिना किसी फॉल्ट के बंद कर दी गई। जिसके बाद शाम तीन बजे बिजली आपूर्ति सुचारू की गई। एसडीओ टाउन का कहना है कि बुध बाजार में स्मार्ट सिटी परियोजना में डाली गई भूमिगत दो केबल में एक पहले से खराब है। बारिश के चलते दूसरी केबल में फॉल्ट हुआ तो कई दिन संकट बन सकता है। एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति बंद की गई।

वही जलभराव होने वाले क्षेत्र गलशहीद, भूड़े चौराहा और रेती मोहल्ला नियारियों मोहल्ले में बारिश शुरू होते ही आपूर्ति 3 बजे तक बंद रही। ट्रांसफार्मर के फुंकने पर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को उसकी कीमत अपनी जेब से चुकानी पड़ेगी इसलिए बारिश की बूंदे गिरने से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद कराई जा रही है।

> कुछ उपकरणों में बारिश से नमी से फॉल्ट आ रहे है। जिसके ट्रांसफार्मर फुंकने के चांस बन जाते है। इस लिए बारिश के वक्त जल भराव की जगह बिजली आपूर्ति बंद रखना उपकरणों के साथ वहा रहने लोगों के लिए जरूरी है। उपकरण में फॉल्ट आने के बाद पानी में करंट आने के शत प्रतिशत लक्षण बन जाते है।
> – **विजय कुमार गुप्ता**, नगरीय अधीक्षण अभियंता

# बिजली गिरने से महिला की मौत, बैल भी मरा

संवाददाता, छजलैट

- ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर में बैलगाड़ी से चारा लेने गया था परिवार
- गंभीर रूप से घायल देवरानी और बेटा भर्ती, हालत चिंताजनक

**अमृत विचार:** ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर में किसान का परिवार बैलगाड़ी से चारा लेने गए थे। दोपहर 12:00 बजे धमाके के साथ आकाशीय गिरने से किसान की पत्नी व एक बैल की मौत हो गई। बैलगाड़ी में सवार बेटा, छोटे भाई की पत्नी व एक अन्य महिला झुलस गए। गंभीर रूप से घायल महिला व एक युवक का मुरादाबाद कासमॉस अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।



मृतका सलमा।

थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर निवासी अफसर अली की पत्नी सलमा(45) बेटे आरिफ, देवरानी साबरी पत्नी आलम के साथ बैलगाड़ी से चारा लेने गई थी। उनके साथ दो अन्य लोग भी जंगल में थे। अचानक बिजली की गड़गड़ाहट के साथ तेज वर्षा होने पर सभी को घर पहुंचने की जल्दी थी। सभी ने बैलगाड़ी जोड़कर चारा भरना शुरू कर दिया। बैलगाड़ी में सलमा, आरिफ, साबरी, शबाना बैठकर घर के लिए चल दिए। अन्य लोग जंगल में ही रह गए। दोपहर 12:00 बजे करीब विस्फोट के साथ बिजली बैलगाड़ी पर गिर गई। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सलमा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल उसके बेटे आरिफ और देवरानी, साबरी और शबाना की हालत बिगड़ने पर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। जहां दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



मृतका के घर में गमगीन महिलाएं। ● अमृत विचार

### परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल पहुंचे। उन्होंने मृतका के परिजनों को ढांढस बंधाया और परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास करते हुए उन्हें बताया कि दैवीय आपदा आने पर सरकार से पर्याप्त मुआवजा मिलता है। परिजनों ने मुआवजा लेने से इंकार करते हुए मृतका का पोस्टमार्टम नहीं कराया। इस मौके पर पहुंचे लेखपाल ने इस संबंध में हुई दुर्घटना को अभिलेखों में दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दैवीय आपदा से हुई दुर्घटना में सरकार से मुआवजा चलाया जाता है। भले ही परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया लेकिन आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# पत्नी को दोस्त के साथ होटल में पकड़ा, किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पति से खरीदारी की बात कहकर निकली थी महिला
- पति ने पत्नी को दोस्त के साथ देखा तो पीछा कर पकड़ा

**अमृत विचार:** थाना मैनाठेर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की हाल ही में शादी हुई है। उसका गांव का ही एक युवक दोस्त है जो अक्सर उसके घर आता जाता है। घर आने जाने से उसकी पत्नी से दोस्त की नजदीकी बढ़नी शुरू हो गई और कुछ ही दिन में प्रेम प्रसंग हो गया।

रविवार की शाम महिला पति से खरीदारी करने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन पत्नी के निकलते ही पति भी बाइक लेकर कही जाने के लिए चल दिया। गांव से निकला तो पत्नी को दोस्त के संग बाइक पर जाते हुए देख लिया। उसने दोनों का पीछा करना शुरू कर दिया। दोनों पाकबड़ा क्षेत्र के हाशमपुर गोपाल गांव में स्थित होटल में पहुंच गए। पीछे से पति भी पहुंच गया। दोस्त की बाइक देख बौखला गया। होटल के रजिस्टर में एंट्री देखी तो दोस्त ओर पत्नी की आइडी लगी हुई थी। युवक ने होटल स्टॉफ से रूम खोलने के लिए बोला। स्टाफ ने मना कर दिया कि जब कमरे से निकले तब पकड़ लेना। गुस्साए युवक ने साथियों बुला लिया और जमकर हंगामा करने लगा। हंगामा होता देख लोग जुट गए। डायल 112 और थाना पुलिस पहुंच गई। पुलिस की भनक लगते ही प्रेमी पड़ोस में बने मकान की छत पर कूदकर फरार हो गया। उधर, जैसे ही महिला ने कमरे का दरवाजा खोला तो सामने पति को देख भागने का प्रयास किया, लेकिन पति ने पकड़ लिया। पुलिस महिला के पति से बात कर रही थी, इसी बीच मौका पाकर महिला फरार हो गई। पुलिस को मामले का शिकायती पत्र दिया गया है। महिला के प्रेमी की बाइक होटल में ही खड़ी रह गई। बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

### पत्नी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद का मामला सामने आया है, जिसमें पति ने पत्नी पर अवैध संबंध रखने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। मझोला क्षेत्र के डिडौरा गांव निवासी रोहित कुमार एक पेट्रोल पंप पर मजदूरी करता है। पुलिस को दी गई तहरीर में रोहित ने आरोप लगाया कि उसके भाई प्रदीप ने उसे सूचना दी कि उसके घर एक अंजान व्यक्ति आया हुआ है। जब पीड़ित घर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी एक राजकुमार निवासी अलीपुरा जिला अमरोहा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थी। उसने विरोध किया तो पत्नी ने न केवल गाली-गलौच की, बल्कि धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वह राजकुमार के साथ मिलकर उसे जान से मार देगी। पत्नी अपनी मां के साथ उसी शाम मायके चली गई। जिसके बाद उसने पत्नी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती को घर ले जाकर की अश्लीलता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना मूंढापांडे निवासी पीड़ित के अनुसार गांव का ही शुएब उसकी 22 वर्षीय बेटी को फुसलाकर घर ले गया और शादी का झांसा देकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी बेटी को देखने के लिए आरोपी के घर पहुंचा तो उसकी बेटी शुएब के कमरे में मौजूद थी। वहीं बाहर खड़े शुएब के पिता आशिफ और दादा शाहिद ने उसके के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और मारपीट की धमकी दी। उन्होंने लड़की को अपनाने से इंकार कर दिया और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शुएब, उसके पिता आशिफ और दादा शाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झगड़े के बाद किशोर लापता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पड़ोसी से झगड़ा होने के बाद 15 वर्षीय लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना मझोला क्षेत्र नया गांव निवासी रोहताश एक होटल में सुरक्षा गार्ड है। पुलिस को दी गई तहरीर में सुरक्षा गार्ड ने बताया कि बीते शनिवार की शाम ड्यूटी खत्म कर घर पहुंचा तो उसे जानकारी हुई कि उसके 15 वर्षीय बेटे का पड़ोसी के बेटे से कुछ विवाद हो गया था। पिता के अनुसार झगड़े के बाद से उसका बेटा लापता है। कोई सुराग न लगने पर जानकारी पुलिस को दी। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है।

# मारपीट में घायल किसान की मौत, आरोपी जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन दिन पूर्व दबंगों ने किसान व उसकी दिव्यांग पत्नी के साथ की थी मारपीट

**अमृत विचार:** खेत में पानी जाने पर दबंगों ने किसान और उसकी दिव्यांग पत्नी पर रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार सुबह किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जानलेवा हमले को हत्या में तरमीम किया जाएगा।



मृतक नन्हे

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव मिलक कामरू निवासी नन्हे (55) गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे। परिवार में दिव्यांग पत्नी पार्वती, दो बेटियां कमला व पूनम और तीन बेटे सुरेश, लोकेश व शगुन हैं। बताया गया कि बीती 19 जून की सुबह नन्हें धान की रोपाई के लिए खेत में पानी भर रहे थे। उसी दौरान उनके खेत का कुछ पानी पड़ोसी गजराम के खेत में चला गया। इसको लेकर गजराम और नन्हें से विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि गजराम और उसकी पत्नी कलावती ने रॉड से गजराम पर हमला कर दिया। पार्वती और बेटे सुरेश बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में नन्हें गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायलों को परिजनों ने मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से तीनो को जिला अस्पताल भेज दिया। नन्हें को गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। उसका उपचार मेरठ में चल रहा था। जहां रविवार सुबह नन्हें की मौत हो गई। थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बेटे की तहरीर पर 19 जून को ही मारपीट, जानलेवा हमले के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी।

रविवार सुबह पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी गजराम को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त रॉड बरामद कर ली गई है। आरोपी को रविवार को ही कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# मशीन से फिटनेस में मई-जून में ढाई से तीन हजार वाहन फेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहले फिटनेस के दौरान छोटी कमी बताकर वाहन स्वामी से करा लेते थे पूरा

**अमृत विचार:** संभागीय परिवहन विभाग से वाहन फिटनेस को निजी कंपनी के हाथ में जाने से किसी भी कमी पर वाहन फिटनेस के मानक पर खरा नहीं उतर रहे हैं। दूसरे जिलों के वाहन ट्रांसफर होने पर मुरादाबाद जिले की एनओसी लेने में भी मुश्किल हो रही है। इससे निजी और व्यावसायिक वाहन स्वामी मानक पूरा करने में चक्कर काटते फिर रहे हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी की मानें तो मैनुअल फिटनेस में छोटी कमियां को ठीक कराने बाद फिटनेस हो जाता था। लेकिन आटोमेटिक मशीन से फिटनेस जांच में यह संभव नहीं है।

संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि आटोमेटेड मशीन द्वारा फिटनेस जांच में मई और जून में 2500 से लेकर 3 हजार वाहन फेल गए हैं। मशीन थोड़ी सी कमी पर भी वाहन को फिटनेस में फेल कर देगी। मैनुअल जांच में छोटी कमियों को वाहन स्वामी से पूरा कराने के लिए कह दिया जाता था जिसे वह घंटे दो घंटे में पूरी कर लेता था। जिसके बाद फिटनेस में वाहन पास हो जाता था। मशीन पर एक बार वाहन आया तो वह आटोमेटिक सिस्टम से काम करती है।

# क्षत्रिय महासभा ने सम्मानित किए मेधावी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुरादाबाद इकाई द्वारा सभी धर्म जाति के मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन आईएमए भवन में किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत महासभा के संरक्षक डॉ. एके सिंह, डॉ. राजेश सिंह व निर्यातक रवि सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। अतिथियों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र एवं पटके पहनाकर सम्मानित किया गया। दो बच्चे प्रियान कठेरिया व कामरान को नीट के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी ने सभी मेधावियों को मेहनत एवं ईमानदारी से संस्कारों का अनुसरण करते हुए अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अग्रसरित होने के लिए प्रेरित किया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बच्चों से अपने देश के इतिहास से सीखने पर जोर दिया। उत्तर प्रदेश प्रभारी सौरभ ठाकुर ने कहा कि देश मे शिक्षा पर सभी का अधिकार है तो सम्मान पाने का भी सभी का अधिकार होना चाहिए। इसलिए हमने सभी धर्म जाति के बच्चों को सम्मानित करने की शुरुआत की है। उन्होंने महासभा के उद्देश्यों के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने सम्मानित छात्र छात्राओं के नाम, विद्यालयों के नाम से सभागार में मौजूद लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन हरवीर सिंह व कशिश चौहान ने किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, इला सिंह, दीप सौरभ सिंह, महेंद्र सिंह बब्बु, डॉ. महेश दिवाकर, देवेन्द्र सिसोदिया, ह्रदेश सिंह, समीर सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, गौरव सिंह, पूनम चौहान, इला सिंह, कुमकुम सिंह, शशि चौहान, उदय भान सिंह, सुप्रीत सिंह व बीपी सिंह शामिल रहे।



कार्यक्रम में अतिथियों के साथ सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### भाजपा नेता व भाई में मारपीट, थाने पहुंचे दोनों

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** भाजपा नेता व छोटे भाई में मारपीट हो गई। दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ तहरीर लेकर थाने पहुंच गए। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

रविवार की देर शाम को भाजपा नेता रिंकू गोस्वामी व छोटे भाई रिदित गोस्वामी में सेक्टर 5 में घर के सामने ही किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जो इतनी बड़ी कि दोनों में मार पिटाई हो गई। मारपीट होने के बाद रिदित तहरीर लेकर थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने उन्हें मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उसके कुछ देर बाद ही रिंकू गोस्वामी भी तहरीर लेकर थाने पहुंच गए। जहां पुलिस ने दूसरे पक्ष को भी मेडिकल के लिए भिजवा दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि भाइयों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों में मारपीट हुई है। दोनों पक्ष थाने आए थे। मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# समाज को संगठित करने का संकल्प

## जाट महासभा की बैठक में सर्वसम्मति से राजवीर सिंह बनाए गए तहसील अध्यक्ष

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** नगर की चंदौसी रोड स्थित एक फार्म हाउस में रविवार को अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज के मेधावी बच्चों के अलावा डॉ. देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना के पूर्व प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह, मनमोहन शर्मा वैद्य जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह को सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान तहसील अध्यक्ष पद के चुनाव पर भी चर्चा की गई। संचालक सरजू सिंह और खिलेंद्र सिंह ने सदन को बताया कि वर्तमान अध्यक्ष चौधरी आनंद वीर सिंह का कार्यकाल पूरा हो चुका है इसलिए संगठन के नियमानुसार नए अध्यक्ष का चुनाव होना है। अधिकतर लोगों ने इस बात पर बल दिया कि यह सामाजिक संगठन है हम सब एकता और संगठन के लिए काम करते हैं इसलिए बेहतर यही रहेगा कि आम सहमति से ही अध्यक्ष को चुन लिया जाए। इस दौरान चौधरी ओमपाल सिंह ने अभनपुर कुंदरकी गांव निवासी चौधरी राजवीर सिंह का नाम प्रस्तावित किया तो पूरे सदन ने हाथ उठाकर उनके नाम पर सहमति दे दी। उन्हें मालाएं और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। चौधरी राजेंद्र सिंह आदि ने कहा हर बार सहमति से ही चुनाव होना चाहिए।



नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष राजीव सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते लोग।

- छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

संरक्षक मंडल ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी कि जल्दी कमेटी का गठन कर समाज में कार्य आरंभ करें। राजवीर सिंह ने समाज के प्रति आभार जगाया। इस दौरान संरक्षक रामफल सिंह ने उन्हें पद और निष्ठा की शपथ दिलाई। नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में चौधरी विजयपाल सिंह, हरपाल सिंह मलिक, भयराज सिंह, उदयपाल सिंह, भूरे सिंह फौजी, हरपाल सिंह मुड़िया, चंद्र विजय सिंह, रनवीर सिंह, सरजू सिंह, आशु बालियान, विक्की चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, आदि रहे।

### मेधावी पुरस्कृत

मेधावियों में शौर्य चौधरी, संयम चौधरी, अक्षत चौधरी भैंसोड़, वैष्णवी सिंह, पारस चौधरी, श्रुति सिंह, मोनिका चौधरी, आरंभ चौधरी, भूमि चौधरी, निर्भय चौधरी, तनवी चौधरी, पीयूष चौधरी, ताशु चौधरी, हेमंत चौधरी, दिविशा सिंह, आनंद चौधरी, परी चौधरी, प्रीत, अवंतिका चौधरी, तुषार चौधरी, सुमेधा सनाई, वैष्णवी, खुशी चौधरी, अनुराधा के अलावा रितु गर्ग एवं फातिमा देव कुमार नमैनी को सम्मानित किया गया।

## जुलूस निकालने वाले मार्गों की जानकारी ली

**भगतपुर, अमृत विचारः** शनिवार को थाना भगतपुर परिसर में क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा एवं थाना प्रभारी की अध्यक्षता में ताजियेदारो के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में ताजियों की ऊंचाई और चौड़ाई से संबंधित व जुलूस निकालने वाले मार्गों की जानकारी ली गई। किसी भी तरह की नई परंपरा लागू न करने की हिदायत भी दी। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी गांव में कोई भी समस्या हो तो तुरंत अवगत कराएं। उन्होंने शांति व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में इस्लाम नबी, इमरान इदरीसी, इकराम चौधरी, मुजफ्फर अली शाकिर हुसैन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# निर्धारित मार्गों से ही निकालें जुलूस

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** आगामी मोहर्रम के त्योहार को लेकर कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने नगर व देहात क्षेत्र के सभी ताजियेदारों के साथ बैठक की और उन्हें मानक के अनुसार ताजियों की ऊंचाई रखने के साथ ही उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी की। इस दौरान कई जगह पर सड़क टूटने और विद्युत तारों को ऊंचा करने संबंधी शिकायतें दर्ज की गई है। जिनका शीघ्र ही समाधान कराने के निर्देश दिए गए हैं।

रविवार की अपराह्न कोतवाली बिलारी में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बिलारी नगर और देहात क्षेत्र के सभी ताजियेदारों की बैठक ली। बैठक में सभी को ताजियों की ऊंचाई निर्धारित और मानक के अनुसार करने के अलावा साउंड भी मानक के अनुसार बजाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहां की पूर्व निर्धारित मार्ग से ही ताजिए का जुलूस निकाला जाएगा किसी भी तरह की नई परंपरा नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान ताजियेदारों ने सड़क में गड्ढे ठीक करवाने और विद्युत लाइनों को ऊंचा करवाने , कर्बला के आसपास साफ सफाई करवाने की मांग की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि संबंधितों को समस्या समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा, अपराध निरीक्षक जयदेव सिंह यादव, सभासद आमिल सिद्दीकी, जरीफ अंसारी, कासिम अंसारी व सहसपुर बिलारी के ताजियेदार मौजूद रहे।



कोतवाली में ताजियेदारों की बैठक लेते सीओ अशोक कुमार सिंह।

- बिलारी सीओ ने कोतवाली में ली ताजियेदारों की बैठक
- ताजियेदारों ने विद्युत और सड़क संबंधी कई समस्याएं बताईं

# मानक के अनुसार बनाएं ताजिये, नई परंपरा न डालें

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** मोहर्रम को लेकर सीओ हाईवे ने रविवार को थाने में बैठक की। जिसमें ताजिया व मोहर्रम का जुलूस निकालने वालों से बातचीत की। मानकों के अनुसार ताजिये निकालने के लिए कहा।

रविवार की शाम को थाने में सीओ हाईवे राजेश कुमार और थाना प्रभारी विनोद कुमार ने सभी ताजियेदारों को बुलाया। उन्हें बताया गया कि मोहर्रम के जुलूस में ताजिये की ऊंचाई कितनी रहेगी। कोई भी नई परंपरा न डालें। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होगी। ताजिये मानकों के अनुसार ही तैयार किए जाएं जिससे कोई दिक्कत न हो। बैठक में शाहिद हुसैन, अहमद पठान, मोहम्मद आकिल, नसीम अहमद, शमीम हुसैन आदि मौजूद रहे।

**अगवानपुरः** पुलिस चौकी पर मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। ताजियेदारों ने रास्ता साफ होने और नीचे लटके तार खिंचवाने की बात रखी। बैठक में चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी ने समस्याएं सुनीं।



मोहर्रम को लेकर बैठक लेते सीओ हाईवे राजेश कुमार।

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, ज्ञापन



थाना प्रभारी निरीक्षक छजलैट को ज्ञापन देते नागरिक।

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** दूसरे धर्म के लोगों द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए हिंदू समाज के लोगों ने को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम लदावली निवासी एडवोकेट प्रमोद कसाना, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय गुर्जर विकास मंच मनीष गुर्जर, जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, जिला पंचायत सदस्य विनोद सैनी, रालोद के जिला महासचिव जितेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह लोकेंद्र सिंह, किशन स्वरूप जाटव ने थाना प्रभारी निरीक्षक छजलैट को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम सराय खजूर निवासी जिपं सदस्य पति मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद शफी, मोहम्मद जावेद आदि पर श्मशान घाट में अंतिम संस्कार करते समय बदबू दुर्गंध जैसे अपशब्दों का प्रयोग कर हिंदू धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। इस संबंध में एसडीएम को भी ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया है। कहा कि इस तरह के अपशब्द धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने पूरे प्रकरण की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कार चालक से मारपीट

**छजलैट, अमृत विचार :**थाना क्षेत्र के ग्राम छज्जा नंगला निवासी यतेंद्र कुमार पुत्र विनेश कुमार 22 जून को पाकबड़ा में रिश्तेदार के घर से कार द्वारा लौट रहे थे। ग्राम फत्तेहपुर पुलिस चौकी के पास एक पिकअप चालक ने लापरवाही से चलाते हुए कार में सामने से टक्कर मार दी। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसने पिकअप चालक से शिकायत की तो उल्टे पिकअप चालक ने दबंगई दिखाते हुए उससे मारपीट की। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक ने थाना छजलैट में तहरीर में पिकअप का नंबर लिखते हुए पिकअप चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

## हादसे में केस दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** मुरादाबाद के थाना पकवाड़ा निवासी लवी सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया कि 16 जून को 11 :30 बजे उसके पति आशुतोष बाइक से चंदौसी जा रहे थे। तेवर खास के पास अज्ञात कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल होकर गड्ढे में गिर गए। घायल अवस्था में परिवार को फोन पर सूचना दी। परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक



प्रशस्ति पत्र मिलने पर हर्ष प्रकट करते खिलाड़ी व साथ में अतिथि।

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** नगर स्थित बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय समर कैम्प के समापन समारोह में एसडीएम कांठ व सीओ कांठ ने छात्र छात्राओं व खिलाड़ियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि एसडीएम संत दास पंवार, सीओ गौरव त्रिपाठी, प्रधानाचार्या डॉ अंजना शर्मा, बिजनौर तायक्वोंडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुर चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। एसडीएम ने कहा कि सेल्फ डिफेंस आज के समय में प्रत्येक छात्र एवं छात्रा को सीखना चाहिए। सीओ ने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह समर कैम्प एक प्रेरणादायक पहल है। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह आत्म-रक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी है। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन बिजनौर के सेक्रेट्री अंकुर चैधरी ने कहा कि इससे व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। संचालन कर रहे ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य कोच रितिका शर्मा, हर्ष शर्मा, देवेंद्र विश्नोई, पंकज भदौरिया, आरके कश्यप आदि पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सनी गांधी, गौरव भुईयांर ,साकेत मोहन अग्रवाल, मृत्युंजय सिंह, अमनदीप सिंह, मिष्ठी पूनिया, माही यादव, जतिन चौधरी, यश प्रताप, शौर्य प्रताप आदि का सहयोग रहा।

- बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में ताइक्वांडो कैंप का समापन

## सार-संक्षेप

### विधायक ने चौपाल लगाकर गिनाईं भाजपा की उपलब्धियां



कुंदरकी, अमृत विचार : कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ग्राम कोंडरी, करनपुर, भाड़री, भाडरा में शनिवार को ग्राम चौपाल लगाई। जिसमें भाजपा 11 वर्ष के अंतर्गत सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को दी। विधायक ने चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश के हर वर्ग, विशेषकर गरीब, किसान, महिला एवं युवा के हित में किए गए कार्यों से अवगत कराया। सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाएं। ग्राम चौपाल के दौरान जिला प्रतिनिधि बृजेश लोधी, मंडल अध्यक्ष रतनपुर कला बबलू जाटव, मंडल उपाध्यक्ष दयाराम राजपूत, मंडल महामंत्री यादराम ,सोनू ठाकुर, बाबू पाशा, आकिल, मुन्ने खान, बूथ अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भगवान की सेवा के लिए है मानव जीवन : अर्द्धमौनी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार के शिव हरि मनोकामना मंदिर में आयोजित एकादशी हरिनाम संकीर्तन में कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि एकादशी भगवान श्रीकृष्ण की कृपा दिलाने वाली पवित्र तिथि है। कथा व्यास ने कहा कि जब तक किसी चीज पर किसी का ममत्व बना रहता है, तब तक वह भगवान को अर्पण नहीं हो सकती। जब तक मनुष्य वस्तु पर से अधिकार हटा नहीं लेता तब तक श्रीनारायण उसे स्वीकार नहीं करते। भगवान की कृपा ही सब कुछ कराती है। यदि हमारा दोष नहीं होगा तो हम पर क्यों कुछ होगा और यदि कुछ हो ही जाए तो वह किसी पूर्वकर्म के प्रारब्ध के कारण होगा, वह होना ही चाहिए। उसमें हमारा मंगल ही होगा। बताया कि जिसे जीवन में एक बार भी सच्चे संत के दर्शन का, उससे उपदेश प्राप्त करने का, उसके कर स्पर्श का और उसकी चरणधूलि सिर चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हो गया, वह परम आनंद और परम शांति का सहज अधिकारी हो गया। व्यवस्था में प्रभा बब्बर, कुसुम उत्तरेजा, पायल मग्गू, जनक सचदेवा, बीरा कालरा, गिरधर गोपाल पाण्डेय, रजनी अरोड़ा, पुष्पा ग्रोवर, नारायण गति देवी दासी, सीता ठकुरानी देवी, ज्योति बब्बर, राजरानी थरेजा, प्रशान्त मिश्रा, तिलकराज शर्मा आदि ने सहयोग दिया।

### शिव परिवार स्थापना से पहले निकाली कलश यात्रा



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के समाधि वाले मंदिर पर भगवान शिव परिवार की मूर्ति स्थापना से पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली गई । जगह-जगह कलश यात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसा कर स्वागत किया । रविवार को ठाकुरद्वारा काशीपुर मार्ग पर स्थित शिव शक्ति समाधि मंदिर से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सर पर कलश रखकर ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा का आरंभ किया। कार्यक्रम में ठाकुर अजय प्रताप सिंह, दीपक वाल्मीकि, संजीव कुमार सिंह, आशुतोष अग्रवाल, उमेश कश्यप, प्रदीप पाल, ओम कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मंजू रानी पाल, सुमन रानी, प्रवेश रानी, नीरज पाल, मुनेश पाल, बिट्टू पाल, प्रदीप पाल मौजूद रहे। देर श्याम मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ कलश स्थापना की गई । प्रदीप पाल ने बताया कि कल 12 :00 बजे एक विशाल भंडारे का मंदिर परिसर में आयोजन किया जाएगा ।

### निर्धारित ऊंचाई से अधिक ताजिये न बनाएं



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर अमन कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया । बैठक में वक्ताओं ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। रविवार को कोतवाली परिसर में आगामी मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें आपसी सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के साथ साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग किए जाने की अपील की। कहा कि निर्धारित ऊंचाई से अधिक के ताजिये न बनाएं । साथ ही यदि कोई समस्या है तो तुरंत प्रशासन को सूचना दे ताकि समय रहते उसका निस्तारण किया जा सके। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने कहा कि क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के साथ गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते है। बैठक का संचालन अबरार सैफी ने किया।

## शपथ ग्रहण 26 को

**कांठ, अमृत विचारः** तहसील बार एसोसिएशन 2025-26 की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 26 जून को बार सभागार में आयोजित किया जाएगा। शनिवार को एल्डर कमेटी ने जानकारी दी।12 जून को एल्डर कमेटी के महावीर सिंह, शहजाद रफी खान, संजीव कुमार बिश्नोई की देखरेख में अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों की मतगणना में 55-55 सामान मत प्राप्त हुए थे।

प्रदीप कुमार ने एक मत अधिक प्राप्त करने का दावा करते हुए आपत्ति की थी। एल्डर कमेटी के दोनों प्रत्याशियों को समझाने पर भी कोई निर्णय न निकलने पर एल्डर कमेटी ने अंतिम निर्णय के लिए बैलेट पेपर सील करते हुए समस्त ब्योरा उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को मेल कर दिया था। शुक्रवार को बार काउंसिल प्रयागराज के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने आदेश दिया कि पहले 6 माह में प्रदीप कुमार एवं अंतिम छह माह में प्रमोद कुमार शर्मा को अध्यक्ष बनाएं जाना घोषित किया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
एक संपत्ति बंजरी सराय मौ. 20 परैल की सराय जिसकी मालकिन नूतन यादव पत्नी लक्ष्मी यादव के नाम से है इस संपत्ति के पेपर घर में कहीं खो गये हैं और संपत्ति की रजिस्ट्री सचिन कुमार दिवाकर पुत्र स्व. रामचंद्र दिवाकर करा रहे हैं। इसके कागज जिसके पास भी होते हैं तो यह कागज शून्य माने जायेगे क्योंकि इस संपत्ति के स्वामी सचिन कुमार दिवाकर होंगे।

सूचना
मैंने अपने राशिद हुसैन व उसकी पत्नी रूखसार व हासिम उर्फ बंटी व परजाना चारों को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य मे उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **फूलजहां पत्नी स्व.रशीद निवास मो. ठाकुरान बिलारी तह. बिलारी जिला मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर


प्रमाण पत्र दिखाते शिक्षक।

### कॉमर्स शिक्षक सनी अरोरा नेपाल में सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार** : रामपुर के प्रख्यात शिक्षक सनी अरोरा ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें नेपाल में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में शिक्षक रत्न अवार्ड से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान और सामाजिक सरोकारों के लिए प्रदान किया गया। कॉमर्स विषय को सरल भाषा में पढ़ाने के लिए मशहूर सनी अरोरा का यह सम्मान पूरे शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### युवती से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार** : घर में घुसकर युवती से मारपीट करने में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां वह जेल चला गया। गंज थाना क्षेत्र के चपट कालोनी निवासी आरोपी कासिफ ने एक युवती के साथ मारपीट करके उसको घायल कर दिया था। इस मामले में गंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार को पुलिस ने पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया।

### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर, अमृत विचार** : महिला पुलिस ने बाजारों में जाकर युवतियों को कानून का पाठ पढ़ाया। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा दल थाना शहजादनगर द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं बालिकाओ को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। इसके अलावा महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों, 1930 साइबर क्राइम, 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## पूर्व सांसद और प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का व्यापारियों ने किया स्वागत

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों का हो रहा उत्पीड़न : कंछल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के व्यापारियों ने पूर्व सांसद व प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के सामने समस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण व चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। जिसमें उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि इन प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री व संबंधित विभाग के मंत्री से मिलकर समस्या का हल कराया जाएगा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय रोशनबाग पर संपन्न हुई। बैठक में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल का स्वागत किया। सभा आरंभ होने के बाद सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों से समस्याओं के बारे में जानकारी लीं। जिसमें जिले के विभिन्न तहसीलों से आए व्यापारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में कंछल को अवगत कराया। इनमें मुख्य समस्याएं, वर्तमान में सौंदर्यीकरण व चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को तोड़ा जाना, हाउस टैक्स वॉटर टैक्स में अत्यधिक कर वृद्धि, जीएसटी में आईटीसी के समायोजन में समन्वय का अत्यंत अभाव तथा टांडा और शाहबाद में सरकारी बस स्टैंड बनाना आदि समस्याएं रहीं।


बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि बनवारी लाल कंछल। ● अमृत विचार

प्रदेश महामंत्री कपिल आर्य ने जिले से आए पदाधिकारियों से कहा कि अपनी अपनी तहसीलों में अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ें। उन्हें व्यापार मंडल का सदस्य बनाएं। इससे संगठन और व्यापारी मजबूत होंगे। जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता ने व्यापारिक समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा। जिसमें अतिक्रमण व चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों की दुकानों को ध्वस्त किया जा रहा है। इससे बेरोजगारी बढ़ रही है। हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स में अत्यधिक वृद्धि तथा बिजली विभाग द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न के बारे में भी उल्लेख किया गया है।

### यह लोग रहे मौजूद

बैठक में धनुमल बंसल, अब्दुल समद, महेश मौर्या, छोटेलाल रस्तोगी, विवेक गुप्ता, नवीन भाटिया, प्रवीण मित्तल, रमेश गुप्ता, सरदार हरजीत सिंह, मोहम्मद शकील, मुकेश चंद्र गुप्ता, सुदर्शन मदन, डीके अग्रवाल, लाइक गोल्डन, कपिल गुप्ता, हाजी पुत्तन, भगवत लोधी, रितेश यादव, इरफान, विनोद पाल, गोरे खां, किशन लाल शर्मा, राजीव आर्य, मनोज रस्तोगी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर 5 घंटे लगा जाम

## मिलक से लेकर मूंढापांडे तक 20 किमी. लंबा जाम, गर्मी में यात्री हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : मरम्मत के चलते दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर करीब 5 घंटे तक जाम रहा। मिलक से लेकर मूंढापांडे तक करीब 20 किमी. जाम से यात्री बेहाल हो गए। छोटे वाहनों से लेकर बड़े वाहन तक जाम में फंसे रहे। सूचना मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस से लेकर शहजादनगर इंस्पेक्टर तक नेशनल हाईवे पर आ गए। उसके बाद किसी तरह से वाहनों को निकलवाना शुरू किया। इस दौरान भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कोसी पुल से लेकर दुर्ग नगला तक हाईवे पर जगह-जगह चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। जिसमें क्रेन से लेकर जेसीबी तक का उपयोग 24 घंटे तक काम चल रहा है। जिसके चलते हाईवे पर रोजाना जाम लग जाता है। रविवार दोपहर को वाहन चालकों के कारण दुर्गनगला बाईपास के नीचे से वाहन निकालने के कारण कई वाहन फंस गए। जिस कारण जाम मिलक तक पहुंच गया। उसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। कई वाहन स्वामियों ने वाहनों को बीच में लाकर लगा दिया। उसके बाद हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया। धीरे-धीरे करके जाम मिलक से लेकर मूंढापांडे तक पहुंच गया। सूचना मिलने के बाद कोसी पुल पर ट्रैफिक पुलिस तो शहजादनगर पर एसओ हरेंद्र सिंह ने मोर्चा संभाला। उसके बाद उल्टे सीधे लगे वाहनों को एक किनारे लगवाया। उसके बाद वाहनों का रेंगना शुरू हो गया। करीब 5 घंटे तक नेशनल हाईवे पर जाम रहा। बसों में बैठे यात्री गर्मी से बेहाल हो गए, लोगों ने 112 नंबर पर भी जाम की सूचना दी। दिनभर करीब 20 से 30 किमी. लंबा जाम लगा रहा। 5 घंटे बाद यात्रियों को जाम से राहत मिली।


दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार


रामपुर से मुरादाबाद जाने के लिए निकला था। दोपहर में कोसी पुल के पास जाम लग जाने के कारण जाम में फंसा गया। जाम खुलने के बाद आगे बढ़ा जाएगा। – **शिव सिंह**, यात्री


कोसी पुल से लेकर मूंढापांडे तक काफी लंबा जाम लगा हुआ है। पूरी तरह से हाईवे बंद हो रहा है। दो घंटे से जाम खड़ा हूं। पुलिस किसी तरह से वाहनों को निकलवा रही है। – **ओमपाल सिंह**, यात्री


रविवार दोपहर से कोसी पुल से लेकर मूंढापांडे तक काफी लंबा जाम लगा हुआ है। किसी तरह से वाहनों के बीच से निकला जा रहा है। आज यहां बड़ी परेशानी आई। – **वीर सिंह**, यात्री


बाइक से मुरादाबाद जाने के लिए निकला था। करीब दो घंटे से रास्ते में जाम में फंसा हुआ हूं। पुलिस लगातार जाम खुलवाने के प्रयास कर रही है। ताकि जाम जल्द खुल सके। – **नदीम**, यात्री

### फाल्ट के कारण 4 घंटे गुल रही बिजली आपूर्ति

**रामपुर, अमृत विचार** : रविवार को पनवड़िया में मरम्मत कार्य के चलते करीब 4 घंटे बिजली ठप रहने के कारण लोगों को परेशानी हुई। अवकाश होने के कारण लोग समय से अपने कामों को नहीं निपटा सके। 12 बजे बिजली चालू होने के बाद उपभोक्ताओं की जान में जान आ गई। उसके बाद एसी का आनंद लिया। भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोग काफी परेशान हो चुके हैं। लोगों को समय से बिजली नहीं मिल पा रही है। लोकल फॉल्ट और मरम्मत कार्य के चलते बिजली कई-कई घंटे बंद रहती है। रविवार को भी पनवड़िया में मरम्मत कार्य के चलते सुबह आठ बजे से आधे शहर की बिजली ठप हो गई। रविवार को अवकाश होने के कारण लोगों को सारे काम रुक गए। 12 बजे बिजली चालू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**ज्वालानगर की बिजली रही ठप** : सुबह से ज्वालानगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रही। उपभोक्ताओं द्वारा जब बिजली कर्मचारियों से फोन करके संपर्क साधा गया, तो उनके द्वारा कोई सही से जवाब नहीं दिया गया। लोग दोपहर तक बिजली नहीं आने के कारण गर्मी में परेशान बैठे रहे। उनके इन्वर्टर तक ठप हो गए थे। दोपहर बाद कहीं बिजली चालू हो सकी।

# माला रोड पर मैदान में खड़ी कार में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : शादी समारोह में शामिल होने आए एक परिवार ने कार को खाली मैदान में खड़ा दिया था। कार में अचानक से आग लगने के बाद मौके पर लोग एकत्र हो गए। उसके बाद दमकल के वाहन मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। आग बुझ जाने के बाद के लोगों ने राहत की सांस ली। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरती निवासी मोहम्मद रेहान शनिवार को अपने दोस्त की कार लेकर माला रोड पर स्थित मैरिज हाल में रिश्तेदार के यहां पर शादी में शामिल होने आया था। उसने कार को एक अस्पताल के सामने खाली पड़े मैदान में खड़ा कर दिया था। कुछ देर के बाद कार में अचानक से धुंआ निकलने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने के बाद दमकल के वाहन मौके पर आ गए। उसके बाद आग को बुझाना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सीएफओ विजय कुमार सिंह ने बताया कि कार में लगी आग को बुझा लिया गया था।


कार से उठती लपटें।

### उमस भरी गर्मी से लोग पूरे दिन रहे परेशान

**रामपुर, अमृत विचार** : रविवार को पूरे दिन उमस का प्रकोप जारी रहा। लोग पसीना-पसीना होते रहे। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 25 जून तक जिले में तेज हवा के हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि लोगों के पल भर का चैन तक नहीं मिल रहा है। जून माह की गर्मी ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। लोगों को इस उमस भरी गर्मी में पल भर का चैन तक नहीं मिल रहा है, शनिवार को कुछ देर के लिए हुई बारिश ने लोगों को राहत दिला दी थी, लेकिन बारिश रुकने के बाद फिर से वहीं आलम हो गया। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, लोग पूरे दिन गर्मी में तरबतर रहे। घरों में लगे कूलर और पंखे भी पसीने को नहीं सुखा पा रहे हैं। लोग यहीं उम्मीद कर रहे हैं कि बारिश हो सके। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिले। वहीं खेतों में भी अच्छे से पानी लग सके।

# कृष्ण बने अध्यक्ष, अजीम उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष कृष्ण मोहन टंडन को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष अजीम इकबाल और संयुक्त सचिव चेतपाल सिंह चुने गए। सभी का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

भारत क्राउन प्लाजा में टैक्स बार एसोसिएशन के सत्र 2025-2027 के लिए निर्विरोध निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा चुनाव अधिकारी प्रवीण भांडा ने की। 1 जून को अधिसूचना जारी की थी। अध्यक्ष पद के लिए सीए कृष्ण मोहन टंडन, उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष कमथानियां व अजीम इकबाल खां का नाम आया। संयुक्त सचिव पद के लिए चेतपाल सिंह का नाम आया। कार्यकारिणी सदस्यों में सैयद एमएम रिजवी, पीके चावला, अरविंद सिंघल, सीए राजीव अग्रवाल, सीए अंकुर अग्रवाल का नाम आया था। उपाध्यक्ष पद को छोड़कर सभी पदों पर एक नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए। उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष कमथानियां द्वारा अजीम इकबाल खां के समर्थन में नामांकन वापसी पर निर्विरोध निर्वाचित हो गया। कृष्ण मोहन टंडन नए अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष अजीम इकबाल खां, संयुक्त सचिव चेतपाल सिंह बने। कार्यकारिणी सदस्य सैयद एमएम रिजवी, पीके चावला, अरविंद कुमार सिंघल, राजीव अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल बने। निवर्तमान अध्यक्ष सीए राज कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए कृष्ण मोहन टंडन ने आभार प्रकट किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अंकित अग्रवाल को सचिव एवं आशीष अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नामित किया। चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार भांडा ने बधाई दी। कहा कि शपथ ग्रहण 1 जुलाई को भारत गार्डन में होगा।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद नए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की घोषणा

विरोध | शिक्षकों में लगातार बढ़ रहा आक्रोश, बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिलने की कह रहे बात

# स्कूल मर्ज होने से बच्चों की शिक्षा होगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : बच्चों की संख्या कम होने के कारण सरकारी स्कूलों को मर्ज किए जाने के आदेश के बाद शिक्षकों में अब आक्रोश पनपता जा रहा है। उनका कहना है कि इससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। अब शिक्षक संगठन लगातार धरना-प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। विभाग द्वारा 50 से कम बच्चों वाले स्कूलों की सूची तैयार की जा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने कुछ दिनों पहले स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव का फैसला लिया। जिसमें कहा गया है कि 50 से कम छात्रों वाले सरकारी स्कूलों का मर्जर किया जाएगा। शासन से निर्देश मिलने के बाद कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस आदेश के बाद से शिक्षकों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि गरीब बच्चों के साथ ही नहीं देश के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मजदूर, बेसहारा लोगों के बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन है, इन्हें शिक्षा से वंचित रखने की गहरी साजिश है। अप्रत्यक्ष रूप से सरकार स्कूलों के मर्ज के नाम पर शिक्षकों की छंटनी करेगी। लाखों युवक युवतियों जो बीटीसी और डीएलएड कर रहे हैं उनके शिक्षक बनने के अवसर से वंचित हो जाएंगे। सरकार की ओर से जारी आदेश के बाद शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है।


पूर्ववर्ती सरकार ने शिक्षा प्रत्येक बच्चे के द्वारा की थीम पर सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत गांव, मझरे में विद्यालय खोले, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा विद्यालयों का मर्ज किया जाना गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों के बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन है। इन्हें शिक्षा से वंचित रखने की गहरी साजिश है। – **चरन सिंह**, जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ


स्कूल मर्ज करने के नाम पर जो प्रयास किये जा रहे हैं वह गरीब बच्चों ही नहीं देश के साथ खिलवाड़ हैं। स्कूल मर्ज होने से नामांकन में गिरावट आएगी और बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे। फिर शिक्षा के अभाव में गलत रास्ते पर जाएंगे जो किसी के लिये ठीक नहीं हैं। स्कूल मर्ज नहीं होने चाहिए। – **आनंद प्रकाश गुप्ता**, जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ

### ऑनलाइन बैठक में शिक्षकों ने जताया आक्रोश

**रामपुर, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की स्कूल मर्जर को लेकर ऑनलाइन बैठक हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह के साथ साथ जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने 50 से कम की छात्र संख्या वाले विद्यालयों को अन्य विद्यालय में मर्जर करने के आदेश को शिक्षा हित और छात्र हित में हानिकारक बताया। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय और केरल उच्च न्यायालय ने प्राथमिक स्कूल मर्ज करने वाले आदेश पर स्टे कर भी दिया है। बैठक में तय हुआ कि 27 जून को प्रत्येक ब्लॉक संसाधन केंद्र में इसको लेकर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। बैठक में अंजुम सक्सेना, कमर इश्हाक, महेंद्र हल्दिया, रूप सिंह, राधेश्याम, नफासत अली, मुस्तफा अली रहे।


जब सरकार छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय बंद करती है, और बच्चों को दूर के विद्यालयों में जाने के लिए विवश किया जाता है, तो यह आरटीई अधिनियम 2009 का उल्लंघन है। नि:शुल्क और नजदीकी विद्यालय की उपलब्धता राज्य की बाध्यता है, न कि विकल्प है। – **एकता गुप्ता**, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ


स्कूलों को मर्ज करना अच्छी बात नहीं है। सरकार को शिक्षा को केवल संख्या या आंकड़ों के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। छोटे विद्यालयों को बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। ताकि बच्चे पढ़ने में दिलचस्पी ले सकें। स्कूल मर्जर से नामांकन में गिरावट आएगी। बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे। जिससे परेशानी आएगी। –**तरुण उपाध्याय**, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

### आवेदन कम आने के कारण फिर बढ़ी तिथि

**रामपुर, अमृत विचार** : कई माह से एआरपी के 21 पद खाली चल रहे हैं। पिछले दिनों दोबारा से फार्म भरवाने के लिए 18 जून तक आवेदन मांगे गए, गुरुवार तक फार्म कम आने के कारण फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाकर 27 जून तक कर दी गई है।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रकिया जारी करते हुए चार माह पहले फार्म भरवाए गए थे। उसके बाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था। धीरे-धीरे करके पहले लिखित परीक्षा उसके बाद माइक्रो टीचिंग फिर साक्षात्कार हुए थे। जिसमें केवल 14 ही शिक्षक विभाग की साठगांठ के चलते एआरपी बनवाए। जिसमें से तीन से चार एआरपी डायट से बना दिए थे। 21 पद खाली रह जाने के बाद विभाग के द्वारा फिर से 18 जून तक आवेदन मांगे गए थे। उसके बाद भी शिक्षकों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। कम आवेदन आने के कारण अब बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा तिथि 27 जून कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस चौकी पर एसपी ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार** : सैदनगर पुलिस चौकी पर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने ओसियन हॉस्पिटल की ओर से बनवाए प्याऊ का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सैदनगर चौराहे पर लंबे समय से पुलिस तथा जनता पानी की समस्या से जूझ रही थी, यहां पर एक प्याऊ की आवश्यकता थी। जनता तथा पुलिस की समस्या को देखते हुए ही ओसियन हॉस्पिटल की मदद से सराहनीय कार्य संभव हो पाया है। ओसियन हॉस्पिटल समय-समय पर इस तरह के सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग करता रहता है। डायरेक्टर डॉ. जावेद अली ने कहा कि वह गांव के परिवेश में पले बड़े हुए हैं, वहीं से लोगों की समस्याओं को बारीकी से समझा है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने प्याऊ पर सबसे पहले पानी भी पिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद, टांडा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, सैदनगर चौकी इंचार्ज अजय कुमार राणा तथा क्षेत्र की जनता मौके पर मौजूद रही।



### गुटबाजी छोड़कर संगठन को मजबूत करें: कमल




**रामपुर, अमृत विचार** : रविवार को तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जाना है। पदाधिकारी को गुटबाजी छोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करें। तुरैहा मछुआ समाज की बैठक सराय गेट स्थित स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश 1990 से आर्थिक सुधार के लिए निजीकरण हुआ था। उद्योग, फैक्ट्रियां या प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, एससी एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए था, लेकिन नहीं मिल पा रहा है। समाज के पिछड़ेपन और बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है। आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। पिछड़ापन दूर करने के लिए समाज का एकजुट होना व शिक्षित होना जरूरी है। अब समय की पुकार है कि हर बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाई जाए। इस मौके पर जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा ने भी विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. रामगोपाल तुरैहा अर्जुन कुमार, पूरनलाल तुरैहा, विनोद कुमार, अजय कुमार, कमल कुमार मुन्ना भाई, रवि कुमार, राहुल कुमार, मोहित कुमार, आकाश, अशोक कुमार राजीव कुमार, महिपाल सिंह, बृज किशोर अशोक कुमार पप्पू भाई, चंद्रपाल सिंह, सरन लक्ष्मी नारायण, लाल बबीता रानी आदि मौजूद रहे।

### बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहे सुनील




**रामपुर, अमृत विचार** : तहसील शाहबाद के थाना पटवाई अंतर्गत ग्राम भवरंका निवासी सुनील ग्रामीण क्षेत्र में नि:शुल्क सुधारात्मक पाठशाला संचालित कर रहे हैं। पाठशाला के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के बच्चों को शिक्षा और खेल के प्रति जागरुक करने का काम कर रहे है। सुनील ने बताया कि वह ऐसे बच्चों के लिए काम कर रहे है जो वकाई खेल और शिक्षा के माध्यम से समाज में पहचान बनाना चाहते है महंगी होती जा रही शिक्षा के कारण आर्थिक रूप से कमजोर के लिए अच्छी शिक्षा पाना चुनौती बनता जा रहा है ऐसे में सुनील प्रयासरत है कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों के लिए किताबों के ज्ञान के साथ उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जागरूक भी करना है। सुनील खुद निजी नौकरी करके अपनी कमाई का अधिकतर हिस्सा इन बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए खर्च कर रहे हैं।

### शरीर के सामान्य रोगों का उपचार एक्यूप्रेशर योग



**रामपुर, अमृत विचार** : मुरादाबाद हाईवे स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र में लोगों का एक्यूप्रेशर योग द्वारा विभिन्न सामान्य रोगों का उपचार कराया गया। डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि एक्यूप्रेशर पारंपरिक चिकित्सा पद्धति है। जिसमें शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर योगाभ्यास से दबाव डालकर ऊर्जा के प्रवाह को संतुलित किया जाता है, जिससे दर्द और तनाव से राहत मिलती है और समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है। एक्यूप्रेशर योग अभ्यास एक पारंपरिक चिकित्सा पद्धति है। योगाभ्यास के बाद प्रशिक्षक अनीता जोशी, इंडियन योग एसोसिएशन की अंतरा यादव को हार्टफुलनेस के ध्यान प्रशिक्षक वीर सिंह, प्रमोद कुमार, एसके जौहरी द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक पंकज कुमार सक्सैना एवं अन्य अभ्यासी मौजूद रहे।

### किसानों को सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी



**रामपुर, अमृत विचार** : भाकियू टिकैत की पंचायत में नहरों पर अवैध कब्जों और पानी न छोड़ने का मुद्दा उठाया। किसानों ने समस्याओं के समाधान को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। भाकियू की रविवार को हाईवे किनारे स्थित प्रदेश कैंप कार्यालय पर पंचायत हुई। जिसमें प्रदेश कैंप कार्यालय प्रभारी दरबारी लाल शर्मा ने कहा कि जिले की अधिकतर नहरों पर अवैध कब्जा है। इसलिए किसानों को नहरों से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है, पटवाई माइनर तो कई साल से जगह जगह अटी पड़ी है। कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक अवैध कब्जे नहीं हटाए गए हैं। किसानों का कहना था कि इस समय धान की रोपाई के लिए पानी की जरूरत पड़ रही है। पर अभी तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया है। पंचायत में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया कि जिले की पुलिस जमीन के विवादों में पड़कर गांवों में तनाव पैदा कर रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन का ऐलान किया। पंचायत में कार्यालय प्रभारी दरबारी लाल शर्मा, मोहम्मद तालिब, मुर्शीद अली, राम अवतार, मोहम्मद मुस्तकीम, शेर सिंह लोधी, सलीम अहमद, मुजफ्फर, फैज अहमद, मित्तल पाल यादव, छिद्दा नेता, नबी अहमद, नरोत्तम, चौधरी राजपाल सिंह, राम बहादुर यादव, प्रमोद यादव, मंगल सिंह, रामबीर सिंह गुर्जर, नरोत्तम, कमल गंगवार मौजूद रहे।

## एक नजर

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर होगी कार्रवाई

**शाहबाद, अमृत विचार :** मोहल्ला मंगोली और भीतरगांव में पिछले कुछ समय से वायरल हो रही पोस्ट को लेकर विहिप, बजरंग दल, विश्व हिंदू महासंघ और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ शांति बैठक थाने में हुआ। जिसमें कोतवाल पंकज पंत ने लोगों समझाया कि आपत्तिजनक पोस्टों से दूर रहे। इस मौके पर उप निरीक्षक दिलीप कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, जयपाल, अनुभव शर्मा भाजपा, विहिप नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, करनसिंह, शांति प्रसाद, सुंदरलाल, अनूप सभासद ,महावीर सभासद, रामफूल पूर्व सभासद, रामकिशन पूर्व सभासद, बसंत कुमार, राजीव,ओमप्रकाश आदि लोग रहे।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवदिया निवासी सोहनलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए लिखा कि चार जून को उसका 45 वर्षीय भाई वीर सिंह और उसका आठ वर्षीय पुत्र कशिश के साथ अपने पैतृक गांव निपनिया गया था। जहां से वह वापस लौट रहा था। बिलासपुर रोड स्थित ग्राम सियारी पर पीछे से बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई थी। हादसे में वीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उसका पुत्र घायल हो गया था। उसके पुत्र का इलाज निजी अस्पताल में हुआ। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो युवकों ने ग्रामीण के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव बदनपुरी आकिलपुर निवासी अहमद शाह का कहना है कि मेरे छोटे भाई रहीम शाह जो कि 6 माह पहले किच्छा में अपने परिवार के साथ रहता था। अब मौजूदा समय में गांव में ही रह रहे है। उनसे रंजिश चली आ रही है। 19 जून की सुबह 5 बजे में अपने घर पर था। तभी रहीम शाह उनके लड़के अमन, अयान हाथों में लाठी-डंडे लेकर घर में घुस गए। उसके बाद मुझे गालियां देते हुए मारपीट की। घर में रखा सामान भी तोड़ दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। बाद में थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पर युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सफाईकर्मियों ने कोतवाली का किया घेराव

## प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली में नारेबाजी की, पुलिस ने दिया आश्वासन

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** मसवासी नगर पंचायत के संविदा सफाईकर्मी के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तारी न होने से क्षुब्ध उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने कोतवाली का घेराव किया। कोतवाली पुलिस के खिलाफ दूसरे दिन भी प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। सीओ ने दो दिन में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिस पर सफाईकर्मियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

रविवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही के नेतृत्व में सफाईकर्मी कोतवाली पहुंचे। कोतवाली का घेराव कर सफाईकर्मियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन कर कोतवाली के अंदर दरी बिछा कर धरना शुरू कर दिया। बता दें कि शुक्रवार को नगर निवासी युवक नगर पंचायत कार्यालय आए थे। उन्होंने राजीव शर्मा पर नियम विरुद्ध काम कराने का दबाव बनाया। मना



धरने पर बैठे सफाई कर्मियों से वार्ता करते सीओ अतुल कुमार पांडे साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

● **संगठन ने सफाई व्यवस्था ठप करने की दी चेतावनी**

करने पर आरोपी द्वारा राजीव शर्मा को गालियां दीं और मारपीट पर उतर आए थे। इसी को लेकर सफाईकर्मी आरोपी के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कोतवाल प्रदीप मलिक ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कोतवाल की एक न सुनी। सूचना पर सीओ अतुल कुमार पांडे कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात की। जिस पर प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया आरोपी का पिछले दिनों तमंचे से फायर करने का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ था। लेकिन पुलिस ने जांच के बाद नाम आने पर मामले पर पर्दा डाल दिया था। जिसके चलते आरोपी के हौसले बुलंद हैं। मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने तक प्रदर्शन करने एवं मसवासी की तरह सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी। वहीं सीओ अतुल कुमार पांडे ने प्रदर्शन करियों से वार्ता कर उन्हे समझाने बुझाने का प्रयास किया। दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस पर प्रदर्शन वाले मान गए। कोतवाली से धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

प्रदर्शन करने वालों में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के शाखा अध्यक्ष सरजीत वाल्मीकि, राहुल कुमार, सोमपाल वाल्मीकि, विजय, राकेश, अमरनाथ, प्रदीप राजहंस, रावत वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, नवल किशोर, अशोक, अनीता, विमला, नीतू, गीता, रेखा, सीमा मौजूद रहे।

## नशे में पत्नी पर किया चाकू से हमला, मौत

**स्वार, अमृत विचार :** पारिवारिक कलह के चलते नशे में पति ने पत्नी पर चाकू से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। हालत गंभीर होने पर महिला को उपचार के लिए परिजन सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर मीरगंज निवासी मुर्सलीन की शादी उत्तराखंड के थाना गदरपुर क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ा शादाब के साथ हुई थी। पति और 40 वर्षीय पत्नी मुर्सलीन में आए दिन पारिवारिक कलह होती रहती थी। शादाब नशा करने का आदी है। शनिवार रात करीब नौ बजे शादाब नशे में घर आया तो उसका किसी बात को लेकर मुर्सलीन से विवाद हो गया। मुर्सलीन के विरोध करने पर शादाब भड़क गया। उसने अचानक घर की रसोई में रखे चाकू से मुर्सलीन के पेट में चाकू मार दिया। महिला की चीख सुनकर उसके तीन बच्चे मौके पर पहुंच गए। मां को लहूलुहान देखकर बच्चों ने शोर मचा दिया। मौके पर पहुंचे परिजन महिला को रूद्रपुर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मुर्सलीन को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। जानकारी मिलने पर उसके मायके वाले भी पहुंच गए।

## सार संक्षेप



### मोहर्रम पर नई परंपरा नहीं डाली जाए : मोनिका

**रामपुर, अमृत विचार :** एसडीएम मोनिका सिंह ने कहा कि मोहर्रम को गम और मातम का महीना मनाते हैं। इसको शांतिपूर्ण मनाएं। किसी प्रकार की कोई नई परंपरा नहीं डाली जाए। रविवार को अजीमनगर थाने में मोहर्रम को लेकर शांति व्यवस्था बैठक हुई। जिसमें सीओ टांडा कीर्तिनिधि आनंद न कहा कि मोहर्रम को शांति पूर्ण तरह से मनाया जाए। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से नए साल शुरुआती महीना माना जाता है। सांप्रदायिक सद्भाव, सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों और ताजियादारी संगठनों के प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश दिए।

### रुपये मांगने गए किसान को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव मोतीपुरा निवासी राजेंद्र का कहना है कि मैंने खेत में खड़े पेड़ों को ठेकेदार जसवंत को 90 हजार रुपये में बेच दिए थे। जब मैं अपने खेत पर पैसे लेने गया, तो पेड़ काटने को लेकर ठेकेदार से कहासुनी हो गई थी। उसके बाद ठेकेदार ने उसको पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अवैध कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ निवासी प्रधान पति रामभजन ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए लिखा कि गांव में ग्राम समाज की भूमि है। जिस पर कोटे की दुकान बनना निश्चित हुआ है। आरोप लगाया कि गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा जबरन भूमि पर कब्जा कर मकान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं गांव का मझरा बकराबाद में एक सीसी रोड का निर्माण गांव के लोगों के लिए कराया जा रहा है। इसको रोकने के लिए गांव निवासी एक व्यक्ति लगातार प्रयास कर रहा है। लिखा कि सीसी निर्माण से वर्षा के समय होने से दिक्कत से ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### 26 बकायेदारों के काटे कनेक्शन



**ढकिया, अमृत विचार :** मधुकर बिजलीघर के टीजीटू मंगम राघवन के नेतृत्व में टीम ने रविवार को क्षेत्र में वसूली अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ढकिया व गेहनी गांव में छापा मारकर 26 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए। साथ ही बिजली के बकायेदारों से 46 हजार रुपये के राजस्व की वसूली की। बकायेदारों के कनेक्शन काटने के दौरान टीजीटू ने हिदायत दी कि अगर उन्होंने बिना बिजली का बिल जमा किए बिजली का उपयोग करने का प्रयास किया तो बकायेदारों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। बिजली कनेक्शन काटने के दौरान बिलिंग इंचार्ज देशपाल यादव, लाइनमैन कृष्णाकांत गुप्ता, सुखवीर, ऋषिपाल, दिनेश दिवाकर, सोनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहर

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में शनिवार को घरेलू विवाद के चलते युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों को उसके जहर खा लेने का पता लगा। परिजनों ने युवक को आनन फानन में ले जाकर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां युवक की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** फरार चल रहे आरोपी को शाहबाद पुलिस पकड़ने के बाद उसको थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी। शाहबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी नदीम पुत्र वाहिद निवासी मोहल्ला फर्रासान को चाकू के साथ पुराना रामपुर रोड आम के बाग के सामने से गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दी।

### देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना स्वार पुलिस ने ऋषिपाल पुत्र ज्वाला सिंह निवासी ग्राम जोधावाला थाना स्वार को 20 पव्वे मस्तीह मार्का देशी शराब के साथ सब्जी मंडी से पहले पुलिया कस्बा स्वार से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्वार पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य 25 को करेंगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी 25 जून को विकास भवन सभागार में सुनवाई करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार सुनीता सैनी 25 जून को 11 बजे जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़ी शिकायतों को सुनेंगी। इसके बाद महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित जनपद के विभिन्न संस्थान जैसे सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बालिका, महिला गृह व आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण करेंगी।

# हल्द्वानी मार्ग पर हादसे में दो युवकों की मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने उत्तराखंड के हल्द्वानी मार्ग पर बाइक सवारों को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी उवेश उम्र 35 पुत्र मोहम्मद यूसुफ शटरिंग का काम करता था। उसका एक अन्य साथी जाबिर ग्राम शुक्ली थाना शाही जिला बरेली के साथ मथुरासी से उत्तराखंड के हल्द्वानी को जा रहे थे। तभी किसी वाहन ने शनिवार रात में युवकों की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वहीं दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना देखकर मार्ग पर कुछ राहगीरों ने अपने वाहनों को रोककर मामले की सूचना पुलिस को दी। दोनों की जेब में मोबाइल से सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। दोनों युवकों की मौत से दोनों परिवारों में मातम छा गया है।



दो युवकों की मौत के बाद बाजपुर के अस्पताल में जानकारी करती पुलिस।

### पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र में रविवार शाम पांच बजे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव अताईनगर गांव निवासी विक्की यादव करीब (18) अपने मित्र बब्लू के साथ किसी काम से सुबह शहर आया था। वहां से वापस अपने घर जाते समय ककरौआ से भंडपुरा गांव के बीच बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में विक्की यादव की मौत हो गई। बाइक सवार बब्लू घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। उसके बाद पुलिस भी आ गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# भतीजे ने की थी चाची समरजहां की हत्या, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वृद्धा की गला घोंटकर हत्या और लूटपाट में पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से लूट किए जेवर भी बरामद किए है। उसके बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। बाकी फरार 9 आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर कलंदर खां निवासी बाबर खां की मौत हो चुकी है। उनकी पत्नी समर जहां अकेले रहती थी। मकान के दूसरे हिस्से में उसके जेठ देवर और उनका परिवार रहता है। गुरुवार को गला घोंटकर हत्या कर दी थी। सूचना मिलने के बाद अमरोहा से उसका भाई हिलाउद्दीन आ गया था। दफन करने के बाद अब उसके भाई ने गंज थाने में जेठ और देवर और

● **रास्ते को लेकर चल रहा था परिवार वालों से विवाद**

उनके रिश्तेदारों के खिलाफ रास्ते के विवाद को लेकर हत्या करने का 9 लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने शक होने पर मृतका के भतीजे शाजेब खान हिरासत में लेने के बाद थाने ले आई। जहां सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि समरजहां की हत्या में शामिल है। मृतका ने उसके पिता व परिवार के खिलाफ मकान व रास्ते को लेकर वाद दायर किया था। आए दिन उसके परिवार के व्यक्तियों से झगड़ा करती थी। इसलिए उसके द्वारा समरजहां की हत्या की है। पुलिस को उसके पास से एक हार, 2 कान के बूंदे, मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।



कांग्रेस की बैठक में लोगों को संबोधित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# भाजपा नहीं करती जनभावना का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस की बैठक धमोरा के देव गार्डन में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन सृजन अभियान के जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने कांग्रेस नेताओं और फ्रंटल अध्यक्षों के साथ बैठक की उन्होंने संगठन विस्तार की चर्चा की।

जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने भाजपा को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि जनता का शासन जनता के लिए होता है, लेकिन भाजपा ने कभी यह प्रयास नहीं किया कि जनभावनाओं का सम्मान हो। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार में तानाशाही चल रही है। पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां ने कहा कि संगठन को मजबूत करना हर कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए। इस मौके पर जिवेंद्र गंगवार, मोहम्मद आरिफ अल्वी, दामोदर सिंह गंगवार, मकदुम अहमद, शप्पू अंसारी, वेदराम यादव, बाबू फौजी, मनी कपूर, हसीब खां, रियाज अहमद, इकबाल मंसूरी, कौशल सक्सेना, देवकीनंदन गंगवार, रामगोपाल सैनी, युसूफ अली, रोशन लाल दिवाकर, सुरेश गंगवार, मोहम्मद फाजिल, अजीमुद्दीन, असलम खां, नन्हे खां, ओमप्रकाश दिवाकर, तस्लीम खां, अय्यूब खां आदि रहे।

# कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल : हरीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि 1975 में कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। बिना किसी मुकदमे के ही लोगों को जेलों में ठूंस दिया था। यह सब सत्ता को बचाने का षड़यंत्र था। भाजपा जनता के समक्ष कांग्रेस के कलंकित चेहरे को बेनकाब करेगी। इसके लिए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 25 जून को प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसमें कांग्रेस के कारनामों के बारे में जनता को बताया जाएगा।

राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। कहा कि कांग्रेस ने अपनी सत्ता बचाने के लिए 25 जून 1975 को देश पर



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार। ● अमृत विचार

● **भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में की कांग्रेस की आलोचना**

आपातकाल थोप दिया था। जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, तब वो देश की आत्मा को रौंदने से भी पीछे नहीं हटती। अब भी कांग्रेस एक परिवार के रूप में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी तक ही सिमटी हुई है। उन्होंने 25 जून को जिला सहकारी बैंक सभागार में प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हों। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की सफलता को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। इस अवसर पर मोहन कुमार लोधी, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, अशोक विश्नोई, राजकुमार चौहान, अनुज सक्सेना, अजीत गौतम, दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, विक्रम सिंह, हर्षित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर छीना जा रहा रोजगार : प्रमोद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बसपा की बैठक ग्राम पहाड़ी में अशोक प्रधान के आवास पर हुई। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा भाजपा की सरकार जनता विरोधी है।

उन्होंने बताया कि भाजपा ने सरकारी कर्मचारियों की पेंशन खत्म कर दी। अब सरकारी नौकरियां छीनने का काम कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार बिजली के दामों में बढ़ोतरी करना चाहती है। आम जनता पंखे की हवा में रात को सो न पाए। आदमी का रोजगार पहले से ही कम चल रहा है। जिले में अतिक्रमण के नाम पर लोगों को बेरोजगार किया जा रहा है। व्यापारी अपनी दुकानों में 40 साल से कम कर रहे हैं। उनकी दुकानों को अवैध बताकर बुलडोजर चलाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। इस अवसर पर रमेश श्रीवास्तव, रमेश बाबू, अमर सिंह, माही लाल सागर, भगवत शरण, संजय कुमार, यशपाल, मुन्नीलाल आदि लोग उपस्थित है।

## जिले में 317 तालाबों का हो रहा जीर्णोद्धार

**रामपुर, अमृत विचार :** भू-गर्भ जलस्तर संवारने को वर्ष 2025-26 के लिए 317 तालाबों का जीर्णोद्धार होगा। तालाबों और उनकी पटरी से कब्जे हटवाए जाएंगे।

भू-गर्भ में जल स्तर गिरने से जनपद में चार ब्लॉक डार्क जोन में आ गए थे। जिसके कारण किसानों को सिंचाई में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ब्लॉकों के डार्क जोन में होने के कारण सिंचाई के लिए ट्यूबवेल नहीं लग पा रहा थे। तालाबों और कुओं की खुदाई होने से भू गर्भ जलस्तर में सुधार हुआ है। मनरेगा मजदूर जिले के 317 तालाबों का जीर्णोद्धार करेंगे। इसके लिए रोजगार भी मिलेगा। उपायुक्त मनरेगा अमित कुमार ने बताया तालाबों को संवारने का कार्य शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया ब्लॉक बिलासपुर में 56, चमरौआ में 40, मिलक में 40, सैदनगर में 34, शाहबाद में 64 और स्वार में 83 तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।

# शासनादेश के बाद हो सकता है ग्राम पंचायतों का परिसीमन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शासनादेश मिलने पर ग्राम पंचायतों का परिसीमन हो सकता है। चुनाव में 21 प्रतिशत एससी, 27 प्रतिशत ओबीसी और 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण मिलेगा। आरक्षित कोटे के उम्मीदवार सामान्य सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन, सामान्य जाति के लोग आरक्षित सीट से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। जिले की 680 ग्राम पंचायतों में चुनाव होगा, जिले की सीटों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

त्रिस्तरीय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि, जिले में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत सदस्यों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि ग्राम पंचायतों का परिसीमन हो सकता है लेकिन, इस संबंध में शासन से कोई आदेश नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि जिले 680 ग्राम पंचायतों में चुनाव के बाद 680 ग्राम प्रधान चुने जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत में भी कोई फेरबदल नहीं किया गया है। जिले में 34 जिला पंचायत सदस्य चुने जाएंगे। चुनाव से पूर्व कोई आदेश आता है तब आदेशानुसार कार्य किया जाएगा।

● **21 प्रतिशत एससी, 27 प्रतिशत ओबीसी और 33 प्रतिशत महिलाओं को मिलेगा आरक्षण**

**जिले में इन पदों के लिए होगा मतदान**

| | |
|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | 34 |
| ग्राम प्रधान | 680 |
| क्षेत्र पंचायत सदस्य | 859 |
| ग्राम पंचायत सदस्य | 8504 |

# उर्दू शायरी के लिए दिया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रईस रामपुरी कल्याण समिति की ओर से पुरानी तहसील स्थित सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के हिमायत उल्ला खान हाल में प्रसिद्ध शायर रईस रामपुरी की स्मृति में अवॉर्ड वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें उर्दू अदब और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभूतियों को अवार्ड से नवाजा गया।

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष व नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. महमूद अली खां की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विश्व विख्यात शायर अजहर इनायती और साहित्यकार एस फजीलत रहे। वक्ताओं ने शायर रईस रामपुरी, अफताब शम्सी, सईद रामिश, साहित्यकार वसी इकबाल, मौलाना सुलेमान कासमी और सामाजिक व्यक्ति बाबू जफर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथियों द्वारा उर्दू शायरी के क्षेत्र मे योगदान के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. जहीर रहमती को रईस रामपुरी अवार्ड, डॉ. जावेद नसीमी को प्रोफेसर आफताब शमसी अवार्ड, नईम नजमी को सईद रामिश अवार्ड से सम्मानित किया।

साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुस्लिम डिग्री कॉलेज मुरादाबाद की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रबाब अंजुम को वसी इकबाल अवार्ड, धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए स्कॉलर अब्दुल्ला तारिक को मौलाना मोहम्मद सुलेमान कासमी अवार्ड दिया। सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए मास्टर असरार अहमद को बाबू जफर अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सौलत पब्लिक लाइब्रेरी का प्रतिनिधित्व कर रहे लाइब्रेरी के प्रवक्ता जीशान मुराद को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आखिर में रईस रामपुरी कल्याण समिति के सचिव शरीफ उर रहमान खां ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



पुरस्कार देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

● **सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में हुआ कार्यक्रम**

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसे दो भाई

## एसडीएम कार्यालय के सामने शहजादी सराय का मामला, घर की छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में घर की छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में अचानक फाल्ट हुआ तो पलंग पर लेटे दो भाई करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। इतना ही नहीं, छत पर घरेलू सामान में भी आग लग गई। किसी तरह लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। परिजनों ने बच्चों को निजी अस्पताल के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार देकर दोनों बच्चों को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। परिजन बच्चों को दिल्ली ले गए।

एसडीएम कार्यालय के पास शहजादी सराय में कई घरों के ऊपर से 1.37 लाख वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। रविवार को दोपहर करीब 4 बजे मौसम सुहाना होने के बीच शिव कॉलोनी निवासी चरण सिंह के बेटे मनीष (12 वर्ष) और मोनू (7 वर्ष) घर की छत पर खेल रहे थे। अचानक हाईटेंशन लाइन में जोरदार फाल्ट हुआ और पलंग पर लेटे मनीष और मोनू करंट की चपेट में आकर झुलस गए। इतना ही नहीं, छत पर पड़े पलंग में भी आग लग गई। इतना ही नहीं, अन्य घरेलू सामान भी आग की चपेट में आ गया। बच्चों की चीख निकली तो परिजन और आसपास के लोग दौड़कर तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने पहले मनीष और मोनू को चंदौसी मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने उपचार देकर मनीष और मोनू को रेफर कर दिया। परिजन दोनों को लेकर दिल्ली रवाना हो गए।


घर की छत पर लगी आग से जलता सामान। ● अमृत विचार

### घरेलू सामान भी जलकर हो गया राख

हाईटेंशन लाइन में फाल्ट इतना तेज हुआ कि पहले छत पर पड़े पलंग में आग लगी। फिर घर में रखा सामान भी आग की चपेट में आ गया। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। खलबली के माहौल में लोगों ने आग बुझाने के लिए पानी डालना शुरू किया। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तब तक हजारों रुपये का सामान जल गया। लोगों का कहना रहा कि करीब डेढ़ साल पहले भी इसी तरह का हादसा हुआ था। जिसके चरण सिंह का भाई झुलस गया था। अभी तक वह चलने फिरने में असमर्थ है।

● **दोनों भाइयों को गंभीर हालत में दिल्ली ले गए परिजन**

### आखिर हाईटेंशन लाइन के नीचे कैसे बन गए घर

एसडीएम कार्यालय के सामने शहजादी सराय में जिस क्षेत्र से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, उसके नीचे कई घर बने हुए हैं। जबकि हाईटेंशन लाइन के नीचे आबादी और घर नहीं होने चाहिए। यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि विनियमित क्षेत्र कार्यालय के जिम्मेदारों ने हाईटेंशन लाइन के नीचे घरों का निर्माण कैसे होने दिया। जब लोग निर्माण करा रहे थे तो उन्हें रोका क्यों नहीं गया। इस मामले को लेकर अधिकारियों को भी गंभीरता दिखानी चाहिए क्योंकि अभी तक दो हादसे हाईटेंशन लाइन की वजह से हो चुके हैं। यहां रहने वाले लोगों पर हर वक्त खतरा मंडराता रहता है।


संभल के निजी अस्पताल में करंट से झुलसा बच्चा। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जलजीरा के धोखे में तेजाब पीने से कारोबारी की पत्नी की मौत

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के बबराला निवासी एक प्रतिष्ठित व्यवसायी की पत्नी ने रविवार दोपहर जलजीरा की बोतल उठाकर पी लिया। कुछ देर में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन अलीगढ़ ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड दिया। परिजनों ने बताया कि बोतल में जेवरातों की सफाई करने वाला तेजाब रखा था जिसे महिला ने जलजीरा समझ कर पी लिया। पुलिस को सूचना दिए बगैर शाम को राजघाट गंगा तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### मशीन व बैटरी हुई चोरी पुलिस को दी तहरीर

**रजपुरा,अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव शाहजहानाबाद डांडा निवासी शाहजहानाबाद डांडा निवासी निजामुद्दीन का कहना है कि उसने छुट्टा पशुओं से फसल बचाने के लिए खेत के चारों तरफ झटका मशीन और बैटरी लगवाई थी। चोरों ने उसके खेत से झटका मशीन और बैटरी चोरी कर ली।

### पैसे के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र क्षेत्र के कस्बा रजपुरा निवासी भूरे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शनिवार शाम देसी शराब की दुकान पर था। तीन लोग वहां पहुंच गए और उधार रुपए मांगने लगे। बाद में लाठी डंडों से पीटने लगे जिससे वह घायल हो गया। किसी ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया। तहरीर के आधार पर गांव पवसरा निवासी बबलू, योगेश और पुलन्दर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### ट्रांसफार्मर में फाल्ट से सैकड़ों घरों की बिजली गुल

**बहजोई, अमृत विचार :** मंडी समिति के दरवाजे के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में शनिवार रात 10 बजे फाल्ट हो गया। फाल्ट होते ही इस्लामनगर चौराहा, इस्लामनगर रोड, ब्रह्म बाजार व गोलागंज मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। करीब 400 घरों में अंधेरा छा गया। भीषण गर्मी में नागरिक खासे परेशान हुए। विद्युत विभाग के कर्मचारी रात भर फाल्ट देखते रहे। प्रातः 6 बजे के लगभग विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाई। अवर अभियंता रोहित कुमार वरुण ने बताया कि ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी जिसे दुरुस्त कर दिया गया।

# बच्चों के यौन शोषण का आरोपी मौलाना गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार:** पुलिस ने बच्चों से अश्लीलता के आरोपी मौलाना के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

शहर के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी थी। उसके अनुसार उसके तीन पुत्र घास मंडी स्थित मोहल्ला पीर की मस्जिद में कुरान पढ़ने के लिए जाते थे। वहां का इमाम फरहान उर्फ फैजान निवासी टांडा जिला रामपुर आए दिन तीनों बच्चों को मस्जिद में बने एक कमरे में ले जाता था। इसके बाद कमरा बंद करके तीनों बच्चों के साथ गलत काम करता था। किसी से शिकायत करने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी देता था। पीड़ित बच्चे जब मौलाना की गंदी हरकतों से परेशान हो गए, तो सारी बात अपनी मां को बताई। महिला ने पति को जानकारी दी। द पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मौलाना के विरुद्ध बच्चों के यौनशोषण की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस ने फरार चल रहे मौलाना को रविवार को कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।


पुलिस हिरासत में मौलाना।

● **बच्चों के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की**
● **शिकायत करने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी**

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बदायूं के युवक की मौत

**संभल, अमृत विचार:** दिल्ली से पत्नी व बच्चे के साथ बाइक से अपने घर आ रहे बदायूं के युवक की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई।

बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के रामनगर मढैया का रहने वाला सुखवीर दिल्ली में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। सुखवीर पत्नी गायत्री व पुत्र दक्ष के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। बहजोई के नजदीक पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुखवीर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसकी पत्नी व बच्चा बाइक से छिटककर दूर जा गिरे। एंबुलेंस से घायल सुखवीर को बहजोई सीएचसी में लाया गया।चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर पहुंचने से पहले ही सुखवीर की मौत हो गई।

# मस्जिद को ध्वस्त करने का काम दूसरे दिन जारी

कार्यालय संवाददाता,चन्दौसी

**अमृत विचार:** लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद को दूसरे दिन भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रही। गुंबद एक्सपर्ट टीम बुलाकर हटाया जाएगा।

लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर एक मस्जिद व 34 मकान अवैध रूप से बने हैं। शनिवार को एसडीएम विनय मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी लक्ष्मण गंज पहुंचे। कमेटी द्वारा मस्जिद को धीमी गति से तोड़ता देख, जेसीबी से ध्वस्त करने का कार्य आरंभ करा दिया। इसके बाद 34 मकान स्वामियों को 15 दिन का समय मकान खाली करने को दिया। रविवार को भी मस्जिद को ध्वस्त करने का कार्य जारी बना रहा। एसडीएम ने मौके पर पहुंच जानकारी की। बताया कि 2 से 3 दिन में मस्जिद को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा। शहर इमाम हाजी मोहम्मद नाजिम ने बताया कि मस्जिद के ऊपर बना गुंबद को उतारने के लिए बाहर से एक्सपर्ट की टीम बुलाई गई है।


लक्ष्मणगंज में मस्जिद तोड़ते मजदूर।

● **लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से बनी है मस्जिद व 34 मकान**

# संभल में उमड़े बादल, गुन्नौर में हुई झमाझम बरसात

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

**अमृत विचार:** उमस भरी गर्मी के बीच संभल में सुबह से उमड़े बादलों को देख बरसात की उम्मीद बंधी रही। हालांकि कुछ ही इलाकों में बरसात हुई। गुन्नौर सहित कई इलाकों में झमाझम बरसात हुई।

संभल में पिछले दो दिन से गर्मी ने जीना मुहाल कर दिया था। शनिवार को दिन भर इतनी तेज धूप रही कि सिर चकरा गए। रविवार को भी सुबह से ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया। आसमान में बादल उमड़े तो बरसात की उम्मीद बंधी लेकिन बादल उड़कर चले गये। बबराला में दोपहर को झमाझम बरसात होने से गर्मी से राहत मिली वहीं जलभराव से लोगों को दिक्कत हुई। मेन मार्केट में तालाब जैसा नजारा दिखाई देने लगा। मोहल्लों की गलियों में पानी भर गया। नालियों से उफन कर सड़क पर कीचड़.पसर गई। ग्रामीण इलाके में भी कई जगह हुई बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत दी। गुन्नौर इलाके में भी झमाझम बारिश हुई है। एक साथ पूरे क्षेत्र में हुई बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया।


बबराला में पानी से गुजरता बाइक सवार।

## पिकअप ने बाइक को ठोंका, युवक की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बाइक की सर्विस कराकर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई।


मृतक देशराज।

थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा निवासी देशराज प्रजापति 25 पुत्र धर्मपाल प्रजापति शादी-बरात में खाना बनाने का कार्य करता है। देशराज रविवार की शाम लगभग 7.15 बजे गांव के बाहर चौराहे पर अपनी बाइक की सर्विस कराकर घर लौट रहा था। तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। देशराज की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# त्योहारों पर कायम रखें भाईचारा : एएसपी

कार्यालय संवाददाता,संभल

● **थानों पर किया गया शांति समिति की बैठकों का आयोजन**
● **कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के ताजिया जुलूस को लेकर की चर्चा**

**अमृत विचार:** सावन के महीने में कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को देखते हुए जनपद के थानों पर शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने भाईचारा कायम रखने व कोई नई परंपरा न डालने की हिदायत दी।

संभल के नखासा,असमोली व ऐंचोड़ा कंबोह थानों पर आयोजित बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने धर्मगुरुओं, ताजियेदारों व डीजे संचालकों से संवाद किया। कहा कि कोई ऐसा काम न करें जिससे माहौल खराब हो। सभी से त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

ताजियेदारों से ताजियों की ऊंचाई, जुलूस, उसके रास्ते, समय और ध्वनि के बारे में जानकारी लेकर शासन की मंशा और पुलिस प्रशासन की व्यवस्था से अवगत कराया। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।


बैठक में हिदायत देते अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**एसआईटी की जांच** सर्वे के बाद संवेदनशील माहौल सांसद बर्क के बयान से तनावपूर्ण हो गया

# व्हाट्सएप कॉल बनीं सांसद बर्क पर चार्जशीट की वजह

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के लिए पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बड़ा जिम्मेदार मानकर उनके खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। कहा गया है कि 22 नवंबर को सांसद द्वारा जामा मस्जिद के बाहर दिये गये बयान से माहौल में तनाव पैदा हुआ। जांच में इस बात का भी जिक्र है कि सांसद जानबूझकर शहर से बाहर गये और व्हाट्सएप कॉल व चैटिंग से लोगों को भड़काने का काम किया।

संभल में हिंसा के बाद कोतवाली में दरोगा द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमा अपराध संख्या 335 में सात-आठ सौ की अज्ञात भीड़ के अलावा दो ही नामजद आरोपी थे। एक सांसद जियाउर्रहमान बर्क और दूसरे विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल। पुलिस ने जांच पूरी कर 1100 पेज की जो चार्जशीट अदालत में दायर की है उसमें सांसद जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा का जिम्मेदार माना गया है जबकि सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है। इस मामले को देखें तो पुलिस ने जांच की शुरुआत से ही सांसद जियाउर्रहमान बर्क को दोषी मानकर अपनी जांच आगे बढ़ाने का काम किया। कहा गया कि 19 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई के बाद शहर का माहौल बेहद संवेदनशील हो गया था। इसके बाद 22 नवंबर दिन शुक्रवार को सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने जामा मस्जिद के बाहर जो बयान दिया उससे माहौल तनावपूर्ण हुआ। पुलिस ने माना कि सांसद का बयान भड़काऊ और माहौल खराब करने वाला था।


जियाउर्रहमान बर्क, सांसद।

● **22 नवंबर को जुमे की नमाज के बाद सांसद बर्क के बयान को माना था भड़काऊ**
● **हिंसा के बाद दर्ज मुकदमे में भी सांसद के बयान का किया गया था जिक्र**
● **23 नवंबर की देर रात व्हाट्सएप कॉल व चैटिंग को भी माना गया साजिश का हिस्सा**

### शहर से बाहर रहकर लोगों को भड़काने का आरोप

सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच कर रही पुलिस टीम 22 नवंबर के बयान से आगे बढ़ी तो उसने 23 नवंबर की देर रात सांसद बर्क द्वारा की गई व्हाट्सएप कॉल व चैटिंग पर फोकस किया। इसके लिए जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित शहर के कई लोगों की काल व चैटिंग को खंगाला गया। इसके बाद कहा गया कि सांसद जानबूझकर हिंसा से पहले शहर से बाहर चले गये और बाहर रहकर चैटिंग व काल से लोगों को हिंसा के लिए भड़काने का काम किया।

# मुख्य मार्गों पर नहीं दौड़ेंगे ई रिक्शा, सिर्फ शहरों में चलेंगे


ई रिक्शा पर शहर का नाम लिखवाते यातायात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

● **ई रिक्शा पर लिखना होगा शहर का नाम जहां हो रहा है संचालन**

**अमृत विचार:** मुख्य मार्गों पर ई रिक्शा नहीं चलेंगे। सिर्फ शहरी सीमा में संचालित किए जाएंगे। यातायात पुलिस ने रविवार को सौ से ज्यादा ई रिक्शा पर शहर का नाम लिखवाया।

मुख्य मार्गों पर ई रिक्शा के संचालन से अक्सर हादसे हो जाते हैं। इसी वजह से शासन ने केवल शहरी सीमा में ई रिक्शा संचालन के निर्देश दिये हैं। रविवार को चंदौसी चौराहा व चौधरी सराय चौराहा पर ई रिक्शा के शीशे पर संभल लिखवाया गया। इसी तरह चंदौसी, बहजोई व गुन्नौर में भी शहर का नाम लिखवाया जा रहा है। यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर ई रिक्शा पर शहर का नाम लिखवाया जा रहा है। जो ई रिक्शामुख्य मार्गों पर जाएंगे उन पर कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### शिविर में वृद्धों के नेत्रों का परीक्षण, चश्मे भी दिए



**चन्दौसी, अमृत विचार :** वैश्य एकता मंच की ओर से रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने किया। शिविर में श्रीजी माधव आई केयर सेंटर के चिकित्सकों ने वृद्धों के नेत्रों की जांच कर चश्मे व दवाइयां दीं। अंकित जैन, क्षितिज गुप्ता, शोभित अग्रवाल, गौरव गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, निशांत गुप्ता, लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, तुषार कुमार, बृजेश चंद्र वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### डीएम के दखल के बाद भी नहीं शुरू हुआ मंदिर का सौंदर्यीकरण

**बहजोई, अमृत विचार :** 8 महीने पहले मुख्यमंत्री वंदन योजना के तहत श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने सत्संग भवन निर्माण सहित मंदिर सौंदर्यीकरण प्रारंभ हुआ था। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मेले की भूमि बताते हुए विरोध किया तो काम बंद हो गया। पांच दिन पहले नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पुलिस के साथ पहुंचे। बहजोई चेयरमैन ने भी प्रयास किया लेकिन कोई हल नहीं निकला चार दिन पहले डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया खुद मौके पर पहुंचे। डीएम ने ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी से वार्ता की। डीएम ने पालिका को निर्देश भी दिए कि मेले की जमीन पर काम न करायें। उस समय सहमति बनती नजर आई लेकिन सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। दरअसल नगर पालिका मेले की भूमि पर सत्संग भवन व सौंदर्यीकरण का कार्य कराना चाहती है वहीं ट्रस्ट के पदाधिकारी मेले की भूमि पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किए करने देने पर अड़े हुए हैं।

### समर कैंप में बच्चों को किया गया सम्मानित



**बहजोई,अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप का महिला जागृति के तत्वाधान में रॉयल पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष राधा दिलेर, सचिव चाइना वार्ष्णेय व कोषाध्यक्ष दीपिका ने किया। बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गीता रस्तोगी, आशा वार्ष्णेय, डोली वार्ष्णेय, शीतल, नीतू, नीलम, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, सुमन रस्तोगी, अर्चना मित्तल सहित आदि ने सहयोग किया।

### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। डॉ. वाईपी जोशी ने पूजन कराया। केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, ब्रजेश वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। केजी शर्मा ने राम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊ गली-गली, अजय सक्सेना ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कल्पना वार्ष्णेय, आलोक दुबे, राकेश चौबे, अशोक पाठक, सच्चिदानंद पाठक, गुलशन अरोरा, टीसी शर्मा, श्याम यादव, पीएन शर्मा, संजीव शर्मा, रामकिशन अग्रवाल, शिवओम जिंदल आदि मौजूद रहे।

### बदमाशों ने ब्लेड से महिला के कान काट लूटे जेवर



**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में दीवार कूदकर घर में घुसे बदमाशों ने ब्लेड से कान काटकर महिला के सोने के जेवर लूट भाग गए। परिजनों ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर काफूरपुर निवासी आशकारा पत्नी मोहम्मद आकिल शनिवार को रात अपने घर के आंगन में सो रही थी। उसने चारपाई पर मच्छरदानी लगाई हुई थी। देर रात बदमाश दीवार फांदकर घर में घुस गए। जिसके बाद बदमाशों ने मच्छरदानी काटकर आशकारा के एक कान को ब्लेड से काटकर सोने की बाली, कुंडल और दूसरे कान से सोने का कुंडल लूटा और भागने लगे। आशकारा ने शोर मचाया तो परिजन जाग गए। परिजनों ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। इस मामले में मोहम्मद आकिल ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कारवाई की गुहार लगाई है।

### भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा ज्ञापन

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की मोहल्ला हल्लू सराय में स्थित प्रशासनिक कार्यालय पर हुई बैठक में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान और कार्यक्रम आगे बढ़ाने के जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए। कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा जिसमें लोकसभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य, विधान सभा सदस्य, विधान परिषद सदस्य, निगम के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुखों की चल व अचल संपत्ति की जांच की मांग की जाएगी। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग भी उठी। ब्रजेश यादव, मोहम्मद अली, होराम सिंह यादव, योगेश मिश्रा, हाशिम अली, एसवी दीवाना, राकेश वार्ष्णेय, शफीकुर्रहमान बरकाती, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, शाहनवाज संभली आदि रहे। अध्यक्षता शाहिद हुसैन ने तथा संचालन डीपी शर्मा ने किया।

### कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम को लेकर हुई बैठक

**जुनावई,अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम पर शांति व्यवस्था कायम हेतु गुन्नौर सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। गुन्नौर सीओ ने त्योहारों पर कोई भी नई परम्परा न डालने की बात कही । थाना परिसर में क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय एवं हिन्दू समाज के लोगों के साथ गुन्नौर क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। वहीं बैठक में सीओ ने बताया आने वाले समय पर कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम पर दोनों समुदाय के लोग कोई भी व्यक्ति नई परम्परा न डालें । नई परम्परा डालने पर बख्शा नहीं जायेगा। डीजे साउण्ड को 55 से लेकर 60 डेसिबल से अधिक नहीं बजा सकते हैं। इस मौके पर थाना प्रभारी उमेश सिंह सोलंकी,सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार व सम्मानित लोग मौजूद रहे।

### शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं त्योहार



**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना प्रभारी ने आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। कांवड़ यात्रा, मोहर्रम, नवरात्र आदि को लेकर कैला देवी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने रविवार को लोगों के साथ बैठक में कहा कि त्योहारों पर सौहार्द्र और शांति कायम रहे। मोहर्रम पर जुलूस परंपरा के तहत निकाला जाए। कोई नई परंपरा कायम नहीं होने चाहिए। कांवड़ यात्रा और नवरात्र के दौरान भी कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो तुरंत थाना पुलिस को सूचना दी जाए। यदि कोई व्यवधान डालने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# झमाझम बारिश से खिले लोगों के चेहरे, गर्मी से मिली राहत

## नगर के निचले मोहल्लों में जलभराव के चलते लोगों को उठानी पड़ी परेशानी, फसलों की सिंचाई होने से किसान खुश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। किसानों की फसलों को भी फायदा पहुंचा। उधर बारिश से शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पिछले तीन दिन से मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार की शाम से ही मानसूनी बारिश के बाद मौसम पूरी तरीके से बदल गया। रविवार की सुबह से आसमान में बादल छा गए। सुबह से हल्की बारिश शुरू हुई। इसके बाद दोपहर में झमाझम बारिश हुई। करीब दो बजे तक लगातार तेज बारिश होती रही।

इसके बाद कुछ देर के लिए धूप खिली फिर मौसम सुहावना हो गया। बारिश से गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। तापमान घटकर 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं बारिश के चलते शहर में जलभराव हो गया। बारिश होने से किसानों को सुकून मिला। सिंचाई का संकट झेल रहे किसानों की फसलों को बारिश से फायदा पहुंचा है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इस सप्ताह और ज्यादा अच्छी बारिश की उम्मीद है। किसानों की फसलों को लाभ पहुंचेगा।


बिजनौर रोड पर जलभराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार


बाजार में जलभराव के बीच दुकानदारों ने समेट लिया सामान ● अमृत विचार


नगर कोतवाली क्षेत्र के सामने भरा पानी।

### बारिश से जगह-जगह जलभराव

रविवार को बारिश से शहर के नाले साफ सफाई की पोल खुल गई। शहर के नाले चौक होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर आ गया। कई जगह जलभराव भी हुआ तो कहीं सड़कों पर कीचड़ होने की वजह से लोग परेशान दिखाई दिए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश सिंह ने खुद बारिश में कर्मचारियों से नाले की सफाई कराई। बारिश होने से कीचड़ के कारण सड़कों पर निकले वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोट चौराहा, कैलसा बायपास मार्ग, बिजनौर रोड आदि जगहों पर जलभराव हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बाहर भी जलभराव रहा।


शहर के कोट चौराहा में जलभराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

# बैठक में त्योहार शांति से मनाने की अपील


त्योहार में भाईचारे की अपील करते सीओ शक्ति सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- मोहर्रम पर शांति व्यवस्था, ताजिए की उंचाई पर भी चर्चा

**अमृत विचार:** आगामी त्यौहारों को लेकर सीओ शक्ति सिंह ने डिडौली कोतवाली में मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ मोहर्रम के जुलूस को लेकर बैठक की। कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहारों को संपन्न कराना है।

सीओ शक्ति सिंह ने रविवार की दोपहर करीब 2 बजे क्षेत्र के सभी गांव से मुस्लिम धर्म गुरुओं को बुलाया। कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर अमरोहा पुलिस अलर्ट है। पुलिस प्रशासन जुलूस को लेकर किसी तरह की भी कोई लापरवाही नहीं चाहता है। उन्होंने ताजिए की ज्यादा ऊंचाई न रखने की अपील की है।इस दौरान मकबूल प्रधान, महिपाल, फुरकान, अब्दुल कादिर, रामावतार सैनी, असद प्रधान, ठाकुर पोपाल पाल सिंह, सतपाल सिंह, मुखराम प्रधान आदि मौजूद रहे। ज्ञात हो कि 2 साल पहले डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में ताजिया निकलते समय दर्दनाक घटना हो गई थी। उसे मामले में कई लापरवाह पुलिसकर्मियों पर भी तत्कालीन एसपी ने कार्रवाई की थी।

# ईद-ए-मुबाहेला पर इमामबारगाह फ़ातेमा में हुआ जश्न

**सैदनगली, अमृत विचार:** नगर के मुहल्ला दक्षिण के इमामबारगाह फ़ातेमा मे ईद-ए-मुबाहेला के अवसर पर एक जश्न का आयोजन हुआ। जश्न का आगाज़ गुलाम सय्यदेन ने हदीसे किसा की तिलावत से किया।

डॉ. लईक हैदर ने ख़ुदा की हम्द व नाते रसूल पढ़ी द्य उसके बाद असद अब्बास, अम्मार हैदर, रियाजुल हसन, मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, मुहम्मद अब्बास, एजाज़ मुर्तज़ा, सलमान अब्बास, सफ़दर अली, दावर अब्बास आदि शायरों ने एहलेबैत की शान मे कलाम पढ़े द्य डॉ.अहमद मुर्तज़ा ने तक़रीर मे ईद-ए-मुबाहेला के बारे मे विस्तार से बताया कि इस दिन एहलेबैत की अज़मत दुनिया के सामने उजागर हुई। सच्चों की जीत हुई और झूठों की हार हुई। अंत में मौलाना कम्बर अली ने दुआ कराकर जश्न का समापन किया। इस अवसर पर काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

# 3200 लीटर सरसों तेल पकड़ा, सील

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** शहर में स्थित एक तेल के गोदाम में खाद्य विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से छापेमारी की। गोदाम में से 3200 लीटर सरसों का तेल व 1600 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल बरामद हुआ। टीम ने गोदाम को सील कर दिया।

खाद्य विभाग की टीम की कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। रविवार की सुबह करीब आठ बजे पुलिस को सूचना मिली की विजय नगर मोहल्ले में एक गोदाम में मिलावटी खाद्य तेल के ड्रम उतारे जा रहे हैं।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही ड्रम उतारकर गोदाम में रख दिए थे। ड्रम लाने वाली टाटा मैजिक भी वहां से जा चुकी थी। पुलिस ने खाद्य विभाग की टीम को सूचना दी तथा वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने लगी। फुटेज में टाटा मैजिक ड्रम उतारती हुई दिखाई दे रही है। सूचना मिलने पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने गोदाम खुलवाकर जांख् की। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि गोदाम के अंदर 24 ड्रम खाद्य तेल के मिले हैं। जिनमें से 16 ड्रमों में सरसों का तेल व आठ ड्रमों में रिफाइंड भरा हुआ मिला।

तेल की कीमत छह लाख रुपये से भी अधिक है। गोदाम सचिन कुमार के नाम से है। सरसो के तेल व रिफाइंड के दो-दो नमूने लेते हुए ड्रमों को सील कर दिया है। लैब से जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


गोदाम में रखे तेल के कनस्तर। ● अमृत विचार

- तेल गोदाम पर मारा छापा, रिफाइंड सोयाबीन तेल भी बरामद
- मिलावटी खाद्य तेल के ड्रम उतारे जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस

# गंगा घाट जाने वाले मार्ग पर जल भराव

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** मां पुष्पावती गंगा घाट को जाने वाले मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी के कारण भक्तों एवं ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे नाराज होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण करने की मांग की।

सनातन धर्म की आस्था से जुड़ा मां पुष्पावती गंगा घाट को जाने वाले ग्राम गंगा चोली मिलक के मुख्य मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी होने के कारण भारी रोष व्याप्त है। यह मार्ग आधा दर्जन गांवों को जोड़ता हुआ गंगा तट बांध से होता हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ता है। मां पुष्पावती गंगा घाट को जाने के लिए भी भक्तों द्वारा इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। रविवार को ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर प्रदर्शन किया और मांग की की जल्द से जल्द जल भराव एवं गंदगी की समस्या से निजात मिले। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। प्रदर्शन करने वालों में ओमप्रकाश, चरण सिंह,सुमित कुमार,बलराम, मलखान सिंह,आकाश, सर्वेश आदि मौजूद है।


मां पुष्पावती गंगा घाट मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी। ● अमृत विचार


गंदगी से निजात की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# विद्युत लाइन के नीचे जाल बिछाने की ग्रामीणों ने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार:** तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम राजा नांगल में प्राइमरी स्कूल के पास से आबादी के ऊपर से गुजरने वाली लाइन का तार दोपहर के समय टूट कर गिरने से हादसा होने से बच गया।

राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा को सूचना दी गई। उन्होंने तार जोड़ने पहुंचे लाइनमैनों से पहले तारों के नीचे जाल लगाने का आग्रह किया लेकिन लाइनमैन ह ने कहा कि इस प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। कृष्ण कुमार शर्मा ने बिजली विभाग को चेतावनी दी कि जब तक लाइन हटाने की व्यवस्था नहीं होती है तब तक तार बदलने या जाल लगाने की व्यवस्था बिजली विभाग द्वारा नहीं की जाती है। तो ग्राम वासियों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य, मा डालचंद सिंह, विक्रम सिंह, राजेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, ऊदल सिंह, रामगोपाल रहे।

# जब तक है जिंदगी यहां आते ही रहेंगे...

संवाददाता सैदनगली

- शेख दाऊद बंदगी के उर्स में कव्वालों ने पेश किए कलाम

**अमृत विचार:** उझारी में शेख दाऊद बंदगी के उर्स में कव्वाल सनम वारसी ने जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेरी आंखों में रहते हो तुम मुझसे नज़रे चुराना नहीं। जब तक है जिंदगी यहां आते ही रहेंगे दुखड़े तुम्हारा नाम के गाते ही रहेंगे सुनकर लोग मुग्ध हो गए।

हजरत शेख दाऊद बंदगी की दरगाह पर लाखों की संख्या में लोग आते हैं और जो भी सच्चे मन से मुरादे मांगते है। वह अवश्य ही पूरी होती है देर रात तक कव्वालियों के प्रोग्राम चलते रहे। लोग चादर चढाकर मन्नत मांगते रहे महिलाएं मीना बाजार में खरीदारी करती रही बच्चे खेल तमाशो में झूल कर आनंद उठाते रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, हाजी बब्बन, हाजी कल्लन ,कोकब इंक्तेदार, अदनान महल, चौधरी फहीमुद्दीन, डॉ सरोज, आफाक पठान, वसीम अहमद, असद परवेज आदि कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।


कलाम पेश करती कव्वाल सनम वारसी।

## सार-संक्षेप

### फाल्गुनी कश्यप ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की



**सैदनगली,अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली निवासी नरेश कश्यप की पुत्री फाल्गुनी कश्यप ने नीट की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की। अब वो राजकीय विद्यालय से एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगी। फाल्गुनी शुरू से ही होनहार विद्यार्थी रही हैं। गोया वर्ल्ड स्कूल से इन्होंने इंटरमीडिएट की परीक्षा अच्छे अंको से उत्तीर्ण की। उसके बाद राजस्थान के कोटा शहर जाकर एक साल कोचिंग की। पहले प्रयास मे ही फाल्गुनी कश्यप ने नीट एग्जाम क्वालीफाई किया।

### कॉटन फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**अमरोहा,अमृत विचार :** थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में एक कॉटन फैक्ट्री में आग लग गई। मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव मिलक पापड़ी का है। रविवार सुबह यहां स्थित फेजर अली की कॉटन फैक्ट्री में आग लग गई। जहां देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आगे की लपटे धू धू कर उठने लगी। घटना के बाद आसपास के इलाके में भी हड़कंप मच गया। इस घटना से फैक्ट्री में रखा रुई का सामान जलकर राख हो गया है। फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। साथ ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझ सकी। जिसके बाद उन्होंने दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी। दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

### गंगा में जमकर किया जा रहा बालू का अवैध खनन



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सतेड़ा में गंगा नदी में हाइड्रा लगाकर अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक ट्रैक्टर और हाइड्रा गंगा के अन्दर खनन कार्य में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने इस अवैध गतिविधि को अपने कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया है। जब इस संबंध में खनन अधिकारी मनीष यादव से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है ।बहरहाल उन्होंने कार्रवाई की बात कही है।

### प्रभारी मंत्री से समस्यायों के निस्तारण की मांग



**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर के प्रभारी एवं कौशल विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल से आईआईए बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल के आवास पर उद्यमियों ने संवाद करते हुए उद्योगों की समस्याओं एवं विकास के लिए इंडस्ट्रियल कोरिडोर की स्थापना की मांग की। अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व में पर्यटन इकइयों की स्थापना में आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की। मंत्री ने उद्यमियों से उद्यमिता के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। वरिष्ठ उद्यमी अजीत अग्रवाल , रामदर्शन, अजीत सिंघल अरुण अग्रवाल, आईआईए डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल सचिव दीपक अग्रवाल कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष गोयल, राजीव गोयल, प्रमोद अग्रवाल सचिन जैन राघव, स्वरुप बंसल, दीपक व अन्य मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री सहित भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम व अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया।

### बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल

**हसनपुर,अमृत विचार :** थाना आदमपुर के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी रवि पुत्र भीकम अपनी पत्नी को थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव बलबापुर में दवाई दिलवाने के बाद ससुराल छोड़कर शनिवार की देर रात्रि घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक उझारी सोहत मार्ग पर पहुंची तो सामने से आ रही एक बाइक से भिड़ंत हो गई, घटना के बाद दूसरा बाइक सवार बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान घायल रवि की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### झोलाछाप ने किया गर्भपात, हंगामा

**हसनपुर ,अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में झोलाछाप ने 4 माह की गर्भवती का गर्भपात कर दिया। अस्पताल में हंगामा हुआ। नगर के पूठ रोड पर एक नर्सिंग होम में 4 माह की गर्भवती महिला पहुंची। झोलाछाप ने उसका गर्भपात कर दिया। महिला के परिवार के लोगों को पता चला तो वे अस्पताल में पहुंच गये और हंगामा काटना शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग को भी इस मामले की जानकारी दी गई।

### बंटवारे के विवाद में मारपीट ,दंपती घायल

**हसनपुर ,अमृत विचार :** सैदनगली थाना इलाके के गांव में संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट में दंपती घायल हो गए । चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति में महिला को हायर सेंटर रेफर, पुलिस जांच में जुटी। बता दें कि रविवार को सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव ढक्का में घरेलू बंटवारे में भाइयों ने दंपति के साथ गैदायला एवं लात घूसों से जमकर मारपीट की। जिसमें अमीना और उसका पति रिजवान घायल हो गए। पुलिस तहरीर लेने के बाद घायलों को मेडिकल को भेज दिया। हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों ने महिला को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# पुलिस ने साइबर इंटर्नशिप छात्रों को 33 रन से हराया

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी अमरोहा में साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप के दौरान अमरोहा पुलिस व विद्यार्थियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें अमरोहा पुलिस टीम ने जीत दर्ज की। एसपी अमित कुमार आनंद ने शानदार 49 रनों की पारी खेली।

साइबर अपराधों की रोकथाम, जागरूकता एवं युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने हेतु अमरोहा पुलिस द्वारा 19 जून से वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी में साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप प्रोग्राम-2025 का संचालन किया जा रहा है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से 500 से अधिक चयनित छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिन्हें साइबर अपराधों की पहचान, रोकथाम, रिपोर्टिंग, डिजिटल साक्ष्य संकलन, सोशल मीडिया फ्रॉड, डेटा सुरक्षा, और डिजिटल फॉरेंसिक जैसे विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। रविवार को द आर्यन्स क्रिकेट अकादमी अमरोहा में पुलिस अधीक्षक एसपी अमित आनंद की उपस्थिति में अमरोहा पुलिस क्रिकेट टीम और इंटर्न्स 11 टीम (साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप चयनित छात्र) के बीच किक्रेट मैच खेला गया। जिसमे अमरोहा पुलिस टीम द्वारा पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर मे 178 रन बनाये। जिसमे एसपी ने शानदार बैटिंग करते हुए 49 रन की पारी खेली।

जिसका पीछा करने उतरी इंटर्न्स 11 टीम 20 ओवर मे 145 रन बना पाई। लेकिन इंटर्न्स 11 टीम के खिलाडियों द्वारा उम्मीदों से अधिक शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए और सभी प्रतिभागियों को शील्ड,मैडल प्रदान किए गए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में युवाओं, छात्रों, पुलिस अधिकारियों व स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।



सम्मानित करते एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

# मछली पकड़ने गए शिक्षामित्र को सांप ने डसा

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी शिक्षामित्र अपने दोस्त के साथ गंगा में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया, गंभीर हालात में सीएचसी में भर्ती कराया गया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र सोहन सिंह ग्राम अलीपुर मिल्क स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है। वह अपने दोस्त के साथ शनिवार की शाम गंगा में मछली पकड़ने गए थे। मछली पकड़ते समय शिक्षामित्र राजेंद्र सिंह के सांप ने काट लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। हालत गंभीर देखते हुए राजेंद्र सिंह को शनिवार की दिन रात्रि नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# शौचालयों में ताले लगे, कहीं गंदगी

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** ग्रामीण इलाकों में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय मात्र कागजों में ही चमक रहे हैं। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। अधिकांश शौचालयों में ताला लटका रहता है या गंदगी पसरी हुई है जो इस्तेमाल योग्य नहीं है। ऐसे में लोग सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल से कतराते हैं। लाखों रुपये प्रतिमाह खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को शौचालयों का लाभ नहीं मिल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी भी इसे लेकर गंभीर नहीं हैं।

मंडी धनौरा तहसील के गजरौला ब्लाक की 83 ग्राम पंचायतों व धनौरा की 89 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हुआ है। एक शौचालय के निर्माण में करीब ढाई से तीन लाख रुपये खर्च हुए हैं। जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश शौचालय या तो बंद पड़े हैं या फिर गंदगी के कारण उपयोग के लायक नहीं हैं। प्रत्येक शौचालय के लिए पंचायती राज विभाग नौ हजार रुपये प्रतिमाह आवंटित करता है, जिसमें छह हजार रुपये केयरटेकर व वेतन के रूप में और तीन हजार रुपये सफाई सामग्री, मरम्मत, बिजली पानी के बिल के लिए दिए जाते हैं। तहसील क्षेत्र में 15 लाख 48 हजार रुपये प्रतिमाह खर्च हो रहे हैं। इतना खर्च होने के बाद जमीन पर हालात बेहद खराब हैं। अधिकांश शौचालय तालाबंद मिले या फिर गंदगी से भरे हुए। कई जगहों पर तो शौचालयों की हालत इतनी जर्जर है कि लोग उनका उपयोग करने से कतराते हैं। सरकारी रिकार्ड में सभी शौचालय चालू दिखाए जाते हैं लेकिन वास्तविकता इससे कोसों दूर है।

- लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

### केयरटेकर को प्रतिमाह नहीं मिल रहा मानदेय

सार्वजनिक शौचालयों में तैनात किए गए केयर टेकर को प्रतिमाह 6000 रुपये देने का प्रावधान है। केयरटेकर दिन में दो बार शौचालयों की सफाई करेगा। साथ ही ताला खोलकर पानी आदि की व्यवस्था भी दुरुस्त करेगा। गजरौला व धनौरा ब्लाक में कई केयर टेकर को बीते पांच माह से वेतन तक नहीं मिलता है।

